## न्यूज ब्रीफ

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। घटना कोतवाली क्षेत्र की है। बताते हैं कि युवती का लंबे समय से एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसकी प्रेमी से फोन पर बातचीत करते वक्त बहस हो गई थी। जिसके चलते उसने जहर खा लिया। हालांकि परिजन धोखे से जहर खाने की बात कहते रहे। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

### पांच नवजात की मौत के मामले में जांच शुरू

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसएनसीयू वार्ड में हाल ही में एक-एक कर हुई पांच नवजात की मौत के बाद जांच शुरू कर दी गई है। सीएमओ डॉ .आलोक कुमार के निर्देश पर गठित टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ .ज्ञानप्रकाश, डॉ .अमित , डॉ .राहुल को शामिल किया गया है। टीम ने अब अस्पताल प्रशासन से बच्चों के भर्ती होने से लेकर उनकी मौत तक के दस्तावेज मांगे है। ताकि बच्चों के जन्म के समय की स्थिति से लेकर अंत तक की स्थिति का पता चल सके।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग बिजली गुल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौराहे के पास लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर से एक विद्युत केबिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए और दूसरी विद्युत थाने के साथ ही करीब आधा दर्जन दुकानदारों के लिए विद्युत आपूर्ति करती है। सोमवार रात करीब नौ बजे ट्रांसफार्मर से थाने वाली लाइन में अचानक आग लग गई। इस पर सप्लाई बंद कराई गई और फिर आग पर काबू किया। मंगलवार को कर्मचारियों ने जली केबिल का सुधार किया। जिसके बाद सुबह 11 बजे सप्लाई चालू हो सकी।

### उर्स के लिए चलेंगी अतिरिक्त बसें

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरेली में 23 मई को आयोजित होने वाले उर्स को लेकर रोडवेज ने तैयारियां कर ली है। एआरएम विपुल पाराशरी ने बताया कि पीलीभीत समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उर्स में शामिल होने के लिए बरेली जाएंगे। ऐसे में पीलीभीत-बरेली मार्ग पर यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में बढ़ेगी। मौजूदा समय में पीलीभीत से बरेली होते हुए अन्य स्थानों के लिए करीब 35 बसों का संचालन किया जाता है। 23 मई को व्यवस्था के तहत इन बसों की संख्या बढ़ाकर 40 से अधिक की जाएगी। इसके अलावा यात्रियों की संख्या देखते हुए फेरे भी बढ़वाए जाएंगे।

# जनपद में उर्वरक की बढ़ी बिक्री का मामला केंद्र सरकार तक पहुंचा

## रडार पर आई सहकारी समितियों समेत 38 और उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद की यूरिया खाद की बढ़ी खपत के बाद संदेह के घेरे में आए उर्वरक केंद्रों पर कार्रवाई का दौर जारी है। इधर मई के शुरुआती दस दिनों में यूरिया की अप्रत्याशित बिक्री के बाद अब 38 उर्वरक केंद्र विभाग के रडार में आ चुके हैं। इसमें सहकारी समितियां भी शामिल हैं। इन सभी को जिला कृषि अधिकारी की ओर से नोटिस जारी कर 16 मई को साक्ष्य सहित तलब किया गया है। गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जनपद में उर्वरक बिक्री की बढ़ी खपत का मामला केंद्र सरकार तक पहुंच चुका है। शासन स्तर से रिपोर्ट आने के बाद पिछले वर्ष अप्रैल की तुलना में इस अप्रैल अधिक यूरिया बिक्री दर्शाने वाले जनपद के 35 उर्वरक बिक्री केंद्रों को विभाग की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। इन सभी की जांच चल रही है।



कृषि भवन।

- 16 मई को कार्यालय में साक्ष्य सहित किया तलब
- गड़बड़ी पाए जाने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

इधर अब भारत सरकार के पोर्टल पर मई माह के दर्ज आंकड़ों ने जनपद में यूरिया की भारी बिक्री की एक बार फिर पोल खोल दी है। आईएफएमएस पोर्टल से मिली रिपोर्ट के मुताबिक बीते 01 मई से लेकर 10 मई के बीच जनपद के कई उर्वरक बिक्री केंद्रों पर यूरिया की बिक्री में भारी उछाल देखा गया। संदेह जताया जा रहा है कि यह बिक्री वास्तविक किसानों को न होकर अवैध भंडारण या कालाबाजारी के लिए की गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने चिन्हित 38 उर्वरक बिक्री केंद्रों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें 28 एम-पैक्स( सहकारी समितियां) शामिल हैं, जहां से अधिक यूरिया बिक्री होना पाया गया है। जारी नोटिस के मुताबिक इन सभी 38 उर्वरक विक्रेताओं को 16 मई को विकास भवन स्थित जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में साक्ष्य सहित तलब किया गया है। इन सभी को अपने साथ पीओएस मशीन की पर्चियां, स्टॉक रजिस्टर और वितरण का पूरा ब्योरा लाने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं उर्वरक नियंत्रण अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### इनको जारी किए गए नोटिस

जिला कृषि अधिकारी की ओर से सर्वाधिक नोटिस एम-पैक्स को जारी किए गए हैं। इसमें एम-पैक्स शिवनगर, बिठौराकलां, रामनगर जगतपुर, ऐमी, ललौरीखेड़ा, जसौली दिवाली, सुहास, काजरबोझी, कनाकोर, बरखेड़ाकलां, दुधियाखुर्द, पकड़िया मंगली, खरगापुर, शाही, दहगला, आसपुर अंडरायन समेत एफएससी पीलीभीत, गुरुनानक फर्टिलाइजर, गुरजोत एग्रो ट्रेडर्स, सिंह फर्टिलाइजर्स, बालाजी फर्टिलाइजर्स आदि शामिल हैं।

पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक अधिक यूरिया बिक्री होना पाया गया है। ऐसे उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। यदि किसानों के सही अभिलेख और सेल रजिस्टर पेश नहीं कर पाए, तो आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

–**नरेंद्र पाल**, जिला कृषि अधिकारी।

### जिला कारागार मार्ग पर गिरा जर्जर बिजली का पोल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला कारागार मार्ग पर मंगलवार पूर्वाह्न एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लंबे समय से जर्जर हालत में खड़ा बिजली का पोल अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से गुजर रहे लोग उसकी चपेट में नहीं आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पोल गिरने से मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए आवागमन भी बाधित हो गया। घटना मंगलवार पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार जिला कारागार रोड पर लगा बिजली का पोल काफी समय से जर्जर हालत में था। पोल टेढ़ा होने और नीचे से कमजोर होने की शिकायत भी कई बार की गई थी, लेकिन समय रहते उसे बदला नहीं गया। मंगलवार को अचानक पोल सड़क पर गिर पड़ा, जिससे बिजली के तार भी नीचे लटक गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल लाइन बंद कराई गई। इसके बाद पोल हटाने और बिजली व्यवस्था बहाल करने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान आसपास के इलाके की बिजली आपूर्ति भी बाधित रही।

# एंटी रैबीज के दो केस मिलने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर और बरखेड़ा क्षेत्र के दो मामलों पर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी जारी
- सीएमओ बोले-दोनों मरीज सामान्य व्यवहार कर रहे, परिजनों का कराया टीकाकरण

**अमृत विचार :** कुत्ते के काटने के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के बावजूद दो लोगों में संक्रमण की आशंका संबंधी खबर सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने दोनों मामलों का संज्ञान लेते हुए बताया कि दोनों मरीजों की हालत सामान्य है और स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। एहतियातन परिजनों का भी टीकाकरण कराया गया है।

बता दें कि पूरनपुर ब्लॉक के ग्राम मुजफ्फरनगर निवासी 49 वर्षीय हरद्वारी लाल को कुछ समय पहले कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों के मुताबिक घटना के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई गई थी। इसके बाद अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हालत में सुधार होने के बाद परिजन मरीज को घर ले गए। वर्तमान में मरीज सामान्य व्यवहार कर रहा है और सामान्य रूप से खाना खाने व पानी पीने में सक्षम है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी बनाए हुए है। साथ ही परिवार के सभी सदस्यों का टीकाकरण भी कराया गया है।

दूसरा मामला बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम बसई पुरैना निवासी 14 वर्षीय सोनू का है। परिजनों के अनुसार सोनू को करीब सात वर्ष पहले कुत्ते ने काटा था। हाल में उसके व्यवहार में बदलाव की बात सामने आई थी। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। विभाग के अनुसार किशोर की स्थिति सामान्य पाई गई। वह सामान्य रूप से खाना खा रहा है और पानी भी पी रहा है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि दोनों मरीज फिलहाल सामान्य स्थिति में हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें दोनों मामलों पर नजर बनाए हुए हैं और आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी जारी है।

### युवती को ले गया युवक, रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय बहन को गांव का धर्मवीर पुत्र लालता प्रसाद 10 मई को रात दो बजे फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसकी बहन घर में रखे सोने चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये अपने साथ ले गई।

उसकी पत्नी रात में लघुशंका करने के लिए उठी तो उसने आरोपी को उसकी बहन को ले जाते हुए देखा। उसने शोर भी मचाया। 11 मई की सुबह जब वह आरोपी के घर शिकायत करने गया तो आरोपी का भाई रामपाल,बहनोई हुलासी राम और रामलाल ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



हाईवे पर टकराने के बाद खड़े वाहन। ● अमृत विचार

# टायर फटने के बाद डंपर और ट्रक टकराए

**गजरौला, अमृत विचार:** असम हाईवे पर कस्बे के पास मंगलवार सुबह करीब पांच बजे ट्रक और डंपर की टक्कर हो गई।
हादसा दोनों वाहनों के टायर फटने के बाद हुआ। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस वपहुंचवी और जानकारी की।

पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाकर आवागमन सुचारू कराया।

### राजस्व कर्मियों की डीएम से शिकायत

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम करोड़ के निवासी रामस्वरूप पुत्र रामसनेही ने डीएम से की गई शिकायत में बताया कि एक बैंक की पीलीभीत शाखा के प्रबंधक समेत अन्य स्टाफ ने उसकी जमीन पर उसके ही नाम से फर्जीवाड़ा कर लोन निकाल लिया है। इसकी जानकारी हुई तो उसने आरोपियों के खिलाफ सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय में बाद दायर किया। उपरोक्त मुकदमा निर्णय के स्तर पर आ चुका है।

इकसके अलावा एक अन्य मुकदमा भी उक्त लोगों के खिलाफ विचाराधीन है। इसके बाद भी हल्का लेखपाल,पूर्व अमीन 50 हजार रुपये लोन में जमा करने के लिए ले गए। दो माह बाद से ही उपरोक्त दोनों और रुपये मांग रहे है। उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

# मातहतों की समस्याएं सुन की अपराधों पर कार्रवाई की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में मंगलवार को सैनिक सम्मेलन और अपराध समीक्षा गोष्ठी की गई। सैनिक सम्मेलन के दौरान एसपी सुकीर्ति माधव ने मातहतों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

इसके बाद थाना वार अपराध और उस पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। थाना प्रभारियों को जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण, गोकशी से संबंधित अभियोगों में शत-प्रतिशत गिरफ्तारी व प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



अपराध समीक्षा बैठक में सवाल जवाब करते एसपी सुकीर्ति माधव। ● अमृत विचार

- पुलिस लाइन सभागार में हुआ आयोजन, एसपी ने दिए निर्देश

मादक पदार्थ, शराब के निष्कर्षण/विक्रय के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला एवं बाल यौन अपराधों से संबंधित लंबित अभियोगों, पीवीआर/एमवीआर/सीवीसी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के निर्देश दिए। आगामी जनगणना को लेकर भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को क्षेत्र के व्यापारियों से समन्वय स्थापित कर संवाद करते हुए सीसीटीवी दुरुसत रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर एएसपी विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक/ सीओ सदर नताश गोयल समेत समस्त सर्किल और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया क्षेत्र के अलीगंज का मामला, दो पक्षों की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते गांव के दो पक्षों में कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने दोनो की तहरीर के आधार पर क्रास रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम अलीगंज निवासी पवन कुमार पुत्र हीरालाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम बरी निवासी भानु प्रताप और गांव का ओम प्रकाश ने पूर्व में उसकी मां के साथ रास्ते में घेरकर मारपीट की। उसकी मां किसी तरह घर पर जान बचाकर आई तो पीछे से आरोपियों ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

दूसरे पक्ष के ओम प्रकाश ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। उनका आरोप है कि 10 मई को जब वह अपने खेत पर पहुंचा तो गांव के ईश्वरी, रवि, पवन उसके खेत की मेड़ फावड़े से काट रहे थे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए फावड़े से हमला कर दिया।

किसी तरह वह बचकर अपने घर आया। रात आठ बजे पवन अपने चेहरे भाई कैलाश और अन्य परिजनों को लेकर उसके घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगा। जब उसके भाई भोजराज और उनकी गर्भवती पत्नी अंजनी देवी ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की। ईट पत्थर भी फेंके। पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

# मदर्स डे पर जीतू एवं सरिता सम्मानित



मदर्स डे पर कार्यक्रम में बच्चों संग महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

- मां के प्रेम, त्याग और मार्गदर्शन से ही बच्चों का निखरता है व्यक्तित्व

**अमृत विचार:** लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास से साथ मनाया गया। बच्चों की माताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापिका सीमा दीक्षित, प्रबंधक सनी दीक्षित, प्रधानाचार्या रोजी दीक्षित ने दीप प्रज्ज्वलित करके कराई। माताओं के लिए नृत्य , गायन, कला और हस्तकला (क्राफ्ट) प्रतियोगिता हुई। माताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कई मनोरंजक फन गेम्स भी हुए।

संस्थापिका ने कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है। मां अपने संस्कारों, प्रेम और त्याग से बच्चों के जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। प्रबंधक ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। मां के प्रेम, त्याग और मार्गदर्शन से ही बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है। प्रधानाचार्या रोजी दीक्षित ने कहा कि मां हमारे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। एक माता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीवनभर समर्पित रहती है और बिना किसी स्वार्थ के अपने परिवार की खुशियों को सर्वोपरि रखती है।विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। विजेताओं में जीतू और सरिता राजपूत रही।

### नकब लगाकर दुकान से नकदी और मोबाइल चुराए

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** मोबाइल की दुकान में नकब लगाकर चोर नकदी समेत सामान समेट ले गए। इसकी जानकारी दूसरे दिन हो सकी। पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

कस्बे के वार्ड नंबर तीन मोहल्ला मालियान के निवासी अखिलेश कुमार पुत्र छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मोबाइल की दुकान प्राइमरी स्कूल वाली गली में है। सोमवार रात जीने की तरफ से नकब लगाकर चोर दुकान में घुस गए और घटना की। कैश काउंटर में रखे दो लाख रुपये और कुछ मेबाइल चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह घटना का पता चल सका।

इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

# बराही रेंज में अवैध रूप से काटे गए थे 38 पेड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीटीआर में अवैध कटान की जांच पूरी, डिप्टी डायरेक्टर को सौंपी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज में पेड़ों के अवैध कटान के मामले में जांच पूरी हो गई है। उप प्रभागीय वनाधिकारी ने जांच रिपोर्ट डिप्टी डायरेक्टर को सौंप दी है। जांच में 38 पेड़ों के कटान की पुष्टि हुई है।

पीटीआर की बराही रेंज में बीते एक मई को बड़े पैमाने पर पेड़ों के कटान की सूचना मिली थी। मामला संज्ञान में आने पर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान को सौंपी गई थी। उप प्रभागीय वनाधिकारी ने मौके पर जाकर जांच की। जिसमें 38 पेड़ों का कटान पाया गया है।

लकड़कट्टों ने कटान के बाद पकड़े जाने के डर से पेड़ों के ठूंठों को मिट्टी से ढककर छिपाने का प्रयास किया गया था, ताकि किसी को भनक न लग सके। हालांकि, जांच अधिकारी रमेश चौहान ने गहनता से पड़ताल की और एक-एक कर सभी 38 ठूंठों को ढूंढ निकाला। इधर जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद उप प्रभागीय वनाधिकारी ने पीटीआर मुख्यालय में दाखिल कर दी है। ऐसे में अब अवैध कटान में विभागीय संलिप्तता मिलने के बाद जिम्मेदारों पर गाज गिरना लगभग तय माना जा रहा है।

जांच रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद संबंधितों से स्पष्टीकरण लिया जाएगा और स्पष्टीकरण के आधार पर ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

–**मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

# डीएम की पाठशाला में छात्राओं ने किया संवाद, अफसरों ने दिए जवाब



डीएम की पाठशाला में छात्राओं के सवालों का जवाब देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य।



गांधी स्टेडियम में हुए कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले में बेटियों के भविष्य को संवारने और उन्हें जागरूक करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम द्वारा योजना के प्रतीक स्टेचू का अनावरण किया गया। साथ ही डीएम की पाठशाला के जरिए छात्राओं के मन में उठे सवालों का समाधान भी किया गया।

महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को गांधी स्टेडियम में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बरहा कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के प्रतीक स्टेचू का अनावरण किया।

डीएम ने स्टेडियम से तहसीलों, विकास खंडों और सरकारी कार्यालयों के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लोगो युक्त बेंचों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद डीएम की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य के बारे में बताया।

पाठशाला में अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय बरहा, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा विद्यालय मरौरी की छात्राएं शामिल रहीं। अवंतीबाई कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा सोनी ने कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर विषय पर प्रश्न किया, जिस पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने पीसीपीएनडीटी एक्ट की बारीकियों को समझाया। कंपोजिट विद्यालय की कक्षा 6 की छात्रा नैना के पुलिस अफसर बनने के सवाल पर एएसपी नताशा गोयल ने यूपीएससी की तैयारी के टिप्स दिए। इसके अलावा अन्य छात्राओं ने भी अफसरों से सवाल किए। कार्यक्रम में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, डीआईओएस राजीव कुमार, बीएसए रोशनी सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
8445507002
9756905552

BASUBARAL SARASWATI VIHAR
SENIOR SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI
Air-Conditioned Kindergarten Classrooms
NC, LKG & UKG No Admission Fee
(For Classes NC, LKG, UKG, I & II)
Entrance Test for Admission
For Classes III to IX
Admission Fee Discount
(Based on Test Criteria)
PCM/PCB/Commerce/Humanities
Session 2026-27
7983035601, 8791688082, 8869098082
More Information : www.basubaral.com

## जिले में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग का मुरैनिया गांधीनगर में शिविर सुबह 10 बजे से।
- संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से गांधी प्रेक्षागृह में रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### पीपल का पेड़ काटा पांच पर रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार :** वन्यजीव रक्षक राजेश कुमार ने बिलसंडा थाने में दी तहरीर में बताया कि ग्राम मकरंदापुर में सड़क किनारे ग्राम समाज का एक पीपल का वृक्ष, जिसकी दो शाखाएं कुलदीप पुत्र गुरुचरन सिंह निवासी बिलसंडा गुरुद्वारा सेवादार, कुलविंद्र सिंह पुत्र सोवरन सिंह निवासी ग्राम कुरईश्या व तीन अन्य लोगों के द्वारा काट दी गई। पुलिस ने दो नामजद और तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि पेड़ के काटे जाने पर तमाम ग्रामीण जमा हो गए थे और नाराजगी जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली मीना देवी के घर रिंकू पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम हथेली नवादा थाना क्योंलड़िया जिला बरेली का आना जाना था। 11 मई को उसकी 15 वर्षीय पुत्री को आरोपी मीना के सहयोग से बहला फुसला कर ले गया। उसकी पुत्री घर में रखे सोने चांदी के जेवर और 15 हजार रुपये भी अपने साथ ले गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### किशोरी से घर में घुसकर छेड़छाड़

**पीलीभीत, अमृत विचार :** घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर आरोपी ने धमकाया। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई हे। जहानाबाद थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि 11 मई की शाम पांच बजे वह भाई के घर पर गए थे। इस बीच गांव का रवि पुत्र हरिओम उनके घर में घुस गया और वहां मौजूद 14 वर्षीय पुत्री से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की गई। वापस घर पहुंचने पर पुत्री ने पूरी घटना बताई। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# फंदे से लटका मिला लापता श्रमिक का शव

## घर से ठेकेदार से मिले के लिए गए थे शाहगढ़ बंगला मित्रसेनपुर निवासी प्रदीप, परिवार को अनहोनी की आशंका

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा



शव मिलने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** घर से ठेकेदार से मुलाकात करने के लिए निकले श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तीन दिन लापता रहने के बाद उसका शव बरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक बाग में पेड़ पर शर्ट से बने फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से सुरागरसी की। परिवार ने भी पैर जमीन पर अटके होने और पतली डाल पर लटकने की बात कहते हुए अनहोनी की आशंका जताई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच कर रही है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के शाहगढ़ बंगला मित्रसेनपुर के रहने वाले प्रदीप कुमार (26) पुत्र जमुना प्रसाद मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। परिवार के अनुसार, नौ मई की सुबह वह घर से पीलीभीत के एक ठेकेदार से मुलाकात करने के लिए जाने के लिए निकला था। काम के सिलसिले में मुलाकात करने जाने की बात कही गई थी। इसके बाद से युवक वापस घर नहीं पहुंचा। परिवार वाले उसके न आने पर चिंतित हुए लेकिन ये भी समझा कि हो सकता है कि कहीं काम पर चला गया हो। उसके बारे में जानकारी अपने स्तर से जुटा रहे थे।

तीन दिन लापता रहने के बाद मंगलवार सुबह प्रदीप कुमार का शव बरखेड़ा थाना क्षेत्र में गाजीपुर मुगल से खमरिया जाने वाले मार्ग पर अशरफ अली के बाग में सिरसा के पेड़ पर अपनी ही शर्ट से बने फंदे से लटका मिला। ग्रामीण सुबह खेतों की तरफ जा रहे थे तो बाग में फंदे से लटका शव देख शोर मच गया। कुछ ही देर में काफी लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने घटनास्थल पर सुरागरसी की। पुलिस ने स्थानीय लोगों से जानकारी करनी चाही लेकिन कोई कुछ बता नहीं सका। इसके बाद मृतक की जेब से मिले मोबाइल की मदद से उसकी शिनाख्त कर परिवार वालों को सूचना दी गई।

कुछ ही देर में बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कटकवारा में स्थित ननिहाल से मामा राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजू समेत अन्य लोग पहुंच गए। उन्होंने शव की शिनाख्त की। परिवार वालों ने पैर जमीन पर छूने और पतली टहनी से लटकने की बात कहते हुए अनहोनी की आशंका जताई। इस पर पुलिस ने जानकारी की। फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि एक युवक का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच चल रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

- माधोटांडा थाना क्षेत्र में हुई घटना फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

### पांच भाई-बहनों में बड़ा था मृतक, मचा कोहराम

घटना के बाद मृतक के परिवार में चीख पुकार मची रही। अभी तक परिवार वाले चिंतित तो थे लेकिन उन्हें आस थी कि प्रदीप कहीं काम पर चला गया होगा। मगर अब शव मिलने के बाद उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा अविवाहित था। उसकी मौत के बाद मां शांतिदेवी का रोकर बुरा हाल रहा।

### आखिर घटना स्थल तक कैसे और क्यों आया प्रदीप

परिवार के मन में एक ही सवाल है। घटनास्थल की तस्वीर को देखते हुए अनहोनी की आशंका जताई थी। वहीं, मृतक घर से पीलीभीत में ठेकेदार के पास जाने के लिए ट्रेन से निकला था। इसके बाद चर्चा ये भी है कि वह रिश्तेदारी में सिमरा ताल्लुके घुंघचिहाई भी गया था। हालांकि इसे लेकर देर शाम तक परिजन भी पुष्टि नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर शव मिला है, वह मुख्य मार्ग से सौ मीटर से अधिक भीतर की तरफ है। उसके आसपास कहीं कोई सवारी भी नहीं रुकती है।ऐसे में वहां पर मृतक क्यों और कैसे पहुंचा? ये सवाल पुलिस के मन में भी उठा। जिसका जवाब जानने के लिए छानबीन शुरूकर दी गई है।

# जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर के व्यापारी से की गई घटना, बेटे की नौकरी लगवाने का दिया था झांसा
- एसपी समेत अन्य अधिकारियों से की गई शिकायत, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** पुत्र की नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यापारी से लाखों की ठगी कर ली गई। जालसाज ने पुत्रवधू को एक जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार बताकर झांसे में लिया और बीस लाख रुपये में चीनी मिल में पक्की नौकरी लगवाने की बात कही। तीन बार में करीब साढ़े छह लाख रुपये की ठगी करने के बाद आरोपियों ने धमकी देकर मारपीट करने की कोशिश की। पीड़ित ने मामले की शिकायत की है।

शहर के मोहल्ला आसफजान के निवासी रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने एसपी समेत अन्य अधिकारियों को भेज गए शिकायत पत्र में बताया कि उनका बिजली के पंखे का व्यापार है। मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रहने वाले एक व्यक्ति से करीब दो साल पहले उनकी व्यापार के संबंध में जान पहचान हो गई थी। दस माह पूर्व आरोपी उनके घर आया और कहा कि उनकी पुत्रवधू एक जनप्रतिनिधि की करीबी रिश्तेदार है। इसे लेकर पीड़ित के पुत्र की नौकरी चीनी मिल में लगवाने का झांसा दिया। कहा कि इसमें पक्की नौकरी लगवाने में 20 लाख रुपये खर्च होंगे। पुत्र की बेरोजगारी को देखते हुए बीस लाख रुपये में बात तय हो गई। इसके बाद उन्होंने एक लाख रुपये नकद, आरोपी की पुत्रवधू के एकांउट में चार लाख और फिर डेढ़ लाख रुपये खाते से ट्रांसफर किए गए।

कई दिन बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो पूछा। इस पर उन्होंने नियुक्ति आदेश जल्द दिलवाने का झांसा दिया। जब ठगी का एहसास होने पर उन्होंने रुपये वापस मांगे तो टालमटोल के बाद गाली गलौज की गई। मारपीट की कोशिश की गई। आरोप है कि तमंचा दिखाकर धमकाया। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने आरोपियों से जान का खतरा भी बताया है।

# बूंदीभूड़ बवाल की हो उच्च स्तरीय जांच, मुकदमा निरस्त किया जाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पूरनपुर तहसील में एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन देते भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** बूंदीभूड़ गांव में हुए बवाल के बाद गरमाई राजनीति के बीच एक तरफ प्रशासन शराब की दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट कराने के लिए मान चुका है। वहीं, अब भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने भी हुंकार भरी है। संगठन की बैठक जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह के आवास पर मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसका संचालन सर्वेश कुमार वर्मा ने किया। इसमें बूंदीभूड़ गांव के ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमे को खत्म न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि तहसील कलीनगर के ग्राम बूंदीभूड में पुलिस प्रशासन,आबकारी विभाग प्रदेश सरकार की छवि धूमिल कर निर्दोष लाचार ग्रामीण महिलाओं पर लाठी चार्ज किया, ये सहन करने योग्य नहीं है। इसकी निंदा की गई। पहले से उच्चाधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी जबरन शराब की दुकान खुलवाने की कोशिश की गई। विरोध करने पहुंची महिलाओं पर लाठियां भांजी गई और मुकदमा भी दर्ज कर दिया। गांव के लोगों को शिक्षा,स्वास्थ्य व रोज़गार, सड़क न देकर युवाओं का भविष्य अन्धकार में डूबने की मंशा जाहिर है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूंदीभूड के निर्दोष ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमों को तत्काल निरस्त किया जाए। गांव की निर्दोष महिलाओं पर लाठीचार्ज के समय मौजूद पुलिस अधिकारी,आबकारी विभाग के अधिकारी,व कलीनगर तहसील के तहसीलदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। उन्होंने संगठन की तरफ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन पूरनपुर के न्यायिक उपजिलाधिकारी हेमंत चौधरी को सौंपा। इस मौके पर सर्वेश कुमार वर्मा, बालकराम वर्मा, सुरेंद्रपाल ,बलजीत सिंह चीमा,निर्मल सिंह, शमीम अली उर्फ सोनू,रामरतन पासवान आदि मौजूद रहे।

- अब भाकियू अराजनैतिक ने दी आंदोलन की चेतावनी

# बिना सेफ्टी किट काम कर रहे सफाई कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर के श्याम विहार कॉलोनी के पास नाला सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- मानसून से पहले नाले की सफाई शुरू की मगर लापरवाही जारी
- कई जिलों में पूर्व में हो चुके हादसों के बाद भी बेपरवाह जिम्मेदार

**अमृत विचार :** मानसून के नजदीक आने पर शुरू कराई गई नाला सफाई में लापरवाही जारी है। सफाई कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। श्रमिकों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के गंदे और गहरे नालों में उतारकर सफाई कराई जा रही है।जिम्मेदार भी नाला सफाई का निरीक्षण करने के दौरान इसकी अनदेखी कर रहे हैं।

शहर में 42 नाले हैं। इनमें 34 बड़े नाले हैं। जिनमें शहर के 27 वार्ड के 49 मोहल्लों की जल निकासी होती है। हर बार मानसून से पहले नाला सफाई कराई जाती है। इस बार भी नाला सफाई का टेंडर किया गया है। जिस पर 35 लाख रुपये का खर्च होना है। मानसून में 33 दिन बाकी है। कार्यदायी संस्था ने नालों की सफाई शुरू करा दी ळै।

नाले में कर्मचारियों को उतारा है। टेंडर में इस बात का भी जिक्र होता है कि वह नाला सफाई करने वाले श्रमिको को सेप्टी किट उपलब्ध कराएंगे। मगर कर्मचारियों को कोई भी सेप्टी किट मुहैया नहीं कराई गई है। सफाईकर्मी कमर तक गंदे पानी और कचरे में उतरकर सिल्ट और प्लास्टिक निकाल रहे हैं, लेकिन उनके पास न तो सुरक्षा सूट है और न ही हाथों में ग्लव्स। अधिकांश मजदूर बिना मास्क, हेलमेट और गम बूट के ही काम करने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर सफाईकर्मी नंगे हाथों से गंदगी निकालते नजर आए।

विशेषज्ञों के अनुसार नालों और सीवर की सफाई के दौरान मीथेन, अमोनिया और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी जहरीली गैस निकलती हैं, जिनसे दम घुटने और बेहोशी तक की स्थिति बन सकती है। इसके अलावा गंदे पानी में उतरने से त्वचा रोग, फंगल इंफेक्शन, सांस संबंधी बीमारी और गंभीर संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।

नाला या सीवर सफाई में लगे कर्मियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराना अनिवार्य माना जाता है। इसमें पीपीई किट, ऑक्सीजन मास्क, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, रबर ग्लव्स, गम बूट और गैस जांच उपकरण शामिल होते हैं। साथ ही सफाई से पहले नाले में गैस की जांच और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम जरूरी होते हैं, लेकिन नगर पालिका स्तर पर इन मानकों का पालन होता नजर नहीं आ रहा। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि नाला सफाई का टेंडर फर्म को दिया गया है। मामला संज्ञान में नहीं है। इसको लेकर उन्हें पत्र जारी करते हुए कर्मचारियों को किट मुहैया कराने के लिए कहा जाएगा।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

संवाददाता, माधोटांडा

- पिता ने पत्नी और उसके मायके वालों पर लगाए जहर देकर हत्या का आरोप

**अमृत विचार:** पत्नी से चल रहे मुकदमे की तारीख पर पिता संग कोर्ट गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह कोर्ट से काम निपटाकर पीलीभीत रुक गया था और पिता भतीजे संग गांव चले गए थे। इसके बाद शाहगढ़ के पास युवक का शव मिला। पत्नी व अन्य मायके वालों पर मारपीट कर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

माधोटांडा थाने में दी गई तहरीर में घुंघचिहाई थाना क्षेत्र लुकटिहाई निवासी रामचंद्र पुत्र बुद्धालाल ने बताया कि वह अपने पुत्र महेश कुमार के साथ 11 मई को पीलीभीत कोर्ट गए थे। कोर्ट में पुत्र का पुत्रवधू से मुकदमा विचाराधीन है। कोर्ट में चल रहे मुकदमे में 93 हजार रुपये खर्च के जमा किए थे। कुछ देर बाद पुत्रवधू और उसके पिता ने महेश से दूसरी शादी करने की बात कहकर जान से मारने की धमकी दी थी। इसे उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया।

दोपहर डेढ़ बजे के बाद वह अपने भतीजते सुधीर कुमार के साथ गांव चले गए पुत्र महेश खटीमा मजदूरी करने के लिए जाने के चक्कर में पीलीभीत रुक गया था। आरोप लगाया कि महेश की उसके ससुराल वालों ने हत्या कर दी है। महेश कुमार को अगवा करके शाहगढ़ रेलवे स्टेशन के पास एक स्थान पर ले गए और पिटाई कर जबरन जहर देकर हत्या कर दी गई। इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कराई जास रही है।

# पति समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर करेली थाना पुलिस ने ग्राम जैपालपुर निवासी रूबी देवी पुत्री राजपाल की ओर से रिपोर्ट दर्ज की। उसकी शादी 24 अप्रैल 2017 को लखीमपुर खीरी के गांव बुझारी निवासी भूरे पुत्र मुन्नालाल से हुई थी। पति समेत अन्य ससुरालिया अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांगने लगे। न देने पर मारपीटकर घर से निकाल दिया। मायके वालों से मारपीट की गई। पुलिस ने पति भूरे, सास मुन्नी देवी, राम सिंह, मानसिंह, अखिलेश, सदावती, प्रेमवती, पूनम देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला से मारपीट गर्भपात का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कस्बा न्यूरिया के निवासी मुस्कान पुत्री रफीक अहमद की ओर से एसपी के आदेश पर थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि उसने जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम डांग निवासी मोहम्मद उवैद व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। तब से राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी को लेकर सात मई 2026 को दोपहर करीब दो बजे वह ग्राम डांग थाना जहानाबाद गई थी। आरोप है कि वहां मोहम्मद उवैद, अकरम उर्फ पप्पू पुत्र अबरार हुसैन उर्फ बाबू ने उसे देखकर अभद्र टिप्पणी की और पकड़कर जान से मारने की बात कही। आरोप है कि मोहम्मद उवैद, अमीर अहमद, राजदा, हिना, शहनाज, दरख्शा और जुबैर ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि अकरम उर्फ पप्पू ने जमीन पर गिराकर पेट पर मारी, जिससे गर्भपात हो गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# प्रेमी ने किया शादी से इनकार पानी की टंकी पर चढ़ी प्रेमिका

संवाददाता, माधोटांडा



किशोरी को मनाकर पानी की टंकी से नीचे लाता युवक।

- माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई घटना, मची खलबली
- प्रेमी ने पहुंचकर मनाया, तब जाकर टंकी से नीचे उतरी किशोरी

**अमृत विचार:** प्रेमी के शादी करने से इनकार करने पर प्रेमिका ने फिल्मी अंदाज में हाईटेक ड्रामा कर डाला। गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई और ये जिद कर दी कि जब तक उसका प्रेमी आकर उसे नीचे नहीं उतारेगा, वह नहीं आएगी। किसी अन्य ने आने की कोशिश की तो छलांग लगा देगी। करीब एक घंटे बाद प्रेमी ने पहुंचकर मनाया और तब जाकर प्रेमिका नीचे उतरी। बाद में उसे काउंसलिंग के लिए ले जाया गया, जहां उसने गलती स्वीकारी और फिर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। घटना चर्चा का विषय बनी रही।

घटना माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव की है। यहां की रहने वाली एक सत्रह वर्षीय किशोरी का गांव के ही युवक से कई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। बताते हैं कि किशोरी युवक से शादी करना चाहती थी लेकिन अभी शादी करने से युवक ने इन्कार कर दिया था। इसी को लेकर मंगलवार सुबह करीब चार बजे किशोरी घर से निकली और गांव के बाहर की तरफ बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। किशोरी को पानी की टंकी पर चढ़ा देख ग्रामीण जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। उसे नीचे उतारने का प्रयास किया गया लेकिन उसने साफ चेतावनी दे दी कि अगर उसे प्रेमी के अलावा कोई और उतारने आएगा तो वह छलांग लगा देगी। जिसके बाद सभी घबरा गए। इसके बाद प्रेमी को बुलवाया गया और फिर वह उसे पानी की टंकी से उतारकर लाया। इसके बाद युवक को घर भेज दिया गया जबकि किशोरी को कांउसलिंग के लिए ले गए। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि किशोरी को कांउसलिंग के बाद परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में कोई शिकायत नहीं की गई है।


NABH मान्यता प्राप्त मल्टी स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल

SRMS Goodlife A Multi Speciality Hospital

अत्याधुनिक सर्जरी के लिए विशिष्ट सेंटर



लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रो सर्जरी
गाल ब्लैडर, अपैंडिक्स, हर्निया, CBD स्टोन, कैंसर सर्जरी, कोलो-रैक्टल सर्जरी
डॉ. अमित सक्सेना
एमएस (सर्जरी), FIAGES
वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रो सर्जन
Awarded by Wills Health System USA



यूरोलाजी, यूरो कैंसर व किडनी ट्रांसप्लांट
लेजर सर्जरी, RIRS, किडनी स्टोन, प्रोस्टेट, गुर्दा कैंसर सर्जरी, मूत्र संबंधी समस्याऐं
डॉ. महेश त्रिपाठी
एमसीएच (यूरोलॉजी), गोल्ड मैडलिस्ट
वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन



ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण (अत्याधुनिक जीरो तकनीक से दोनों घुटनें एक साथ बदलवायें)
डॉ. ध्रुव गोयल
एमएस (आर्थोपैडिक्स)
वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
रोबोटिक व कम्प्यूटर नेबीगेशन में प्रशिक्षित

अन्य विभाग
• जनरल मेडिसिन • मानसिक रोग • नैफ्रोलॉजी व डायलिसिस • न्यूरो साइंसेज़ • रिप्रोडक्टिव मेडिसिन • नाक, कान व गला रोग • कार्डियोलॉजी • ऑप्थलमोलॉजी (नेत्र रोग) • रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी • फिजियोथैरेपी व डाइट सेवाएं
24x7 इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर (ICU)

क्यों चुनें गुडलाईफ हास्पिटल?
- अनुभवी एवं विशेषज्ञ डाक्टर
- आधुनिक आपरेशन थिएटर एवं डायग्नोस्टिक सुविधाएं
- मरीज-केंद्रित देखभाल एवं पारदर्शी इलाज
- SRMS का 23 वर्षों का अनुभव एवं लोगों का विश्वास

एसआरएमएस गुडलाइफ हॉस्पिटल
101/2, 101/3, स्टेडियम रोड, बरेली
9458705112, 9458707000

आयुष्मान भारत योजना एवं इंश्योरेंस / टीपीए द्वारा कैशलैश इलाज की सुविधा

न्यूज ब्रीफ

## निर्दोषों को परेशान न करे पुलिस

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने जिलाध्यक्ष विपिन गौतम आदि के साथ मंगलवार को एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बांकेगंज के मोतीपुर में हुए बवाल में पुलिस निर्दोष लोगों को बेवजह परेशान कर रही है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। सांसद ने बताया कि एसपी ने गांव में लगा अतिरिक्त पुलिस बल हटाने और निर्दोष लोगों को अपने घरों में रहने का भरोसा दिलाया है। उनके साथ उमाशंकर गौतम, रमाकांत नीरज, रवि चौधरी, मनमोहन मौर्य, रिंकू चौधरी आदि मौजूद रहे।

## युवती पर जानलेवा हमले का आरोप

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना निघासन क्षेत्र के गांव करमूपुरवा मजरा बरोठा निवासी कमरुन्निशा पत्नी जाहिद खां ने बताया कि उनकी पुत्री नाजिया शाम घर पर मौजूद थी। आरोप है कि गांव की ही गुलनाज पत्नी वकील ने रात करीब सात बजे बेवजह नाजिया के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह खून से लथपथ हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोबाइल चोरी का आरोप लगा महिला से मारपीट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव खरवहिया नंबर एक निवासी सुनीता पत्नी संतोष पासी ने बताया कि रात करीब 10 बजे गांव के ही मुनेश और उसकी पत्नी किरन ने उन पर मोबाइल ले जाने का झूठा आरोप लगाया। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा, जिससे उनके शरीर पर चोटें आई हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल दंपती का मेडिकल परीक्षण कराया है। घटना की जांच एसआई संजय कुमार सिंह को सौंपी है।

# पुलिस पिटाई से आहत युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा

## चार घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा, एसडीएम ने दिया कार्रवाई करने का आश्वासन, तब नीचे उतरा युवक



टावर से नीचे उतरने के बाद अपनी पीड़ा बताता पीड़ित अवधेश कुमार।



टावर से उतरते समय युवक को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार



मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला प्यारेपुर (नौरंगाबाद) में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब पुलिस की कथित पिटाई से आहत एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक काफी ऊंचाई पर जाकर बैठ गया और नीचे उतरने से साफ इनकार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस, प्रशासन और फायर बिग्रेड की टीमों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। करीब चार घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद अधिकारियों के कार्रवाई के आश्वासन पर युवक किसी तरह नीचे उतरा।

मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के गांव परवरिश नगर निवासी अवधेश ने बताया कि उसने गांव के शमशुद्दीन से वर्ष 2027 तक खेत गिरवी पर लिया था। कुछ समय बाद खेत को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। अवधेश का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर वह शिकायत लेकर मूड़ा पुलिस चौकी पहुंचा था, लेकिन वहां उसकी सुनवाई करने के बजाय चौकी इंचार्ज ने विपक्षियों का पक्ष लेते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। युवक का कहना था कि पुलिस की मारपीट और अपमान से वह मानसिक रूप से बेहद आहत था।

मंगलवार को अवधेश अपनी शिकायत लेकर एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के कार्यालय पहुंचा। उसने

● सीओ और फायर ब्रिगेड के साथ भारी पुलिस बल रहा मौजूद


एसपी को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जानकारी दी और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया जाता है कि एसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया, लेकिन युवक तत्काल कार्रवाई चाहता था। जब उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह नाराज होकर शहर के प्यारेपुर (नौरंगाबाद) स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। टावर पर युवक को चढ़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसी अनहोनी की आशंका के चलते स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी।

एसडीएम सदर डॉ. अश्वनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, कोतवाली सदर पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड की टीम ने एहतियातन रेस्क्यू उपकरण तैयार रखे, जबकि प्रशासनिक अधिकारी लगातार युवक को समझाने में जुटे रहे। कुछ देर बाद अवधेश के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक से नीचे उतरने की अपील की, लेकिन वह आरोपी चौकी इंचार्ज और अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ा रहा। युवक बार-बार पुलिस पर प्रताड़ना और अन्याय का आरोप लगाता रहा। करीब चार घंटे तक चले

> टावर पर चढ़े युवक को समझा बुझाकर नीचे उतार लिया गया है। उसकी बात को गंभीरता से सुना गया है। आरोपों की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
> -डॉ. अश्वनी कुमार सिंह एसडीएम सदर।

समझाने-बुझाने और बातचीत के बाद एसडीएम सदर ने युवक को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया।

काफी मान-मनौव्वल के बाद युवक उतरने को तैयार हुआ। नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कोतवाली सदर भेजा, जहां उससे पूछताछ की गई। घटना के बाद इलाके में देर तक चर्चा का माहौल बना रहा। युवक के सुरक्षित



टावर पर चढ़ा पीड़ित अवधेश कुमार।

नीचे उतरने के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 16 पीड़िताओं को मिली 48 लाख रुपये की आर्थिक मदद

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: पुलिस द्वारा महिला अपराधों की पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल-मई में 16 पात्रों को कुल 48 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई गई है। यह सहायता शासन की रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत स्वीकृत कराई गई। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि पुलिस महिला सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को लेकर लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। महिला उत्पीड़न, दुष्कर्म, पॉक्सो और अन्य गंभीर अपराधों से प्रभावित पीड़िताओं को न्याय दिलाने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में दर्ज महिला संबंधी गंभीर मामलों में पात्र पीड़िताओं को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने प्रत्येक मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ जांच करते हुए पीड़िताओं और उनके परिजनों से भी संपर्क किया। उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

## सगे भाइयों में मारपीट, सात घायल

पसगवां. अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव छपौरा में दो सगे भाइयों में भूमि बंटवारे को लेकर विवाद में चले लाठी-डंडों से तीन महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। छपौरा निवासी कंधई लाल के पुत्र शिवराम और उमेश के मध्य भूमि बंटवारे को लेकर विवाद है। सोमवार की देर शाम दोनों पक्षों में गाली गलौज शुरू हो गया और फिर लात घूसे लाठी डंडे भी चले। इसमें एक पक्ष से शिवराम, उसका पुत्र प्रांशु व पत्नी बेबी चोटिल हो गये। दूसरे पक्ष से उमेश कुमार, भतीजा शिवम कनौजिया, भाई जगदीश, भतीजी राधा कनौजिया, भाभी सुनीता पत्नी जगदीश चोटिल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों की मेडिकल परीक्षण सीएचसी पसगवां में कराया है।

## परचून की दुकान में चोरी सीसीटीवी में कैद घटना

संवाददाता, फूलबेहड़

**अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र की सुंदरवल चौकी के दाउदपुर चौराहे पर स्थित एक परचून की दुकान को सोमवार की रात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर दुकान का ताला तोड़कर करीब 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की गई, हालांकि संदिग्ध कैमरे में कैद हो गए।

गांव दमगड़ी निवासी दुकान मालिक हसन खान ने बताया कि मंगलवार तड़के स्थानीय लोगों ने फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान का सामान बाहर बिखरा पड़ा है और सीसीटीवी कैमरे के साथ छेड़छाड़ की गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा मिला और अंदर रखा किराने का सामान गायब था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और व्यापारी

● ताला तोड़कर 50 हजार का सामान पार, सुंदरवल चौकी क्षेत्र में चार दिन में दूसरी वारदात से व्यापारियों में आक्रोष

मौके पर एकत्रित हो गए। चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में भारी रोष है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सुंदरवल चौकी क्षेत्र में चार दिनों के भीतर चोरी की यह दूसरी घटना है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

लगातार हो रही वारदातों से पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित दुकानदार ने सुंदरवल चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान में जुटी हुई है।

## डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 मई से शुरू होकर 15 मई तक आयोजित होंगी। परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के करीब 850 प्रशिक्षु परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने दोनों केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की हैं।डीएलएड परीक्षा के लिए जिले में धर्म सभा इंटर कॉलेज, देवकली रोड लखीमपुर तथा गुरुनानक इंटर कॉलेज, नहरिया लखीमपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें धर्म सभा इंटर कॉलेज में करीब 500 परीक्षार्थी जबकि गुरुनानक इंटर कॉलेज

● जिले में बनाए गए दो परीक्षा केंद्र 15 मई को होंगी समाप्त

में लगभग 350 प्रशिक्षु परीक्षा देंगे। दोनों केंद्रों पर प्रशिक्षुओं की सुविधा, सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किए हैं। जिन संस्थानों के प्रशिक्षु परीक्षा में शामिल होंगे उनमें लखीमपुर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, उस्मानी डिग्री कॉलेज, महात्मा बुद्ध कल्याण निघासन, मनमीत नगर महाविद्यालय भीरा, नवोदय विद्यालय गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी महाविद्यालय मोहम्मदी, कमला हरि महाविद्यालय मैगलगंज, चौधरी बेचेलाल महाविद्यालय रसूलपुर धौरहरा, रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज मुड़िया खेड़ा, डायट लखीमपुर खीरी तथा बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय ओयल शामिल हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### भागवत कथा में सुनाई गोकर्ण धुंधकारी की कथा



**बिझौली अमृत विचार :** फकीर बाबा जमुनाबाद फार्म पर चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ समारोह के तहत दोपहर में श्रीमद् भागवत कथा में गोकर्ण धुंधकारी की कथा सुनाई गई। कथावाचक ठाकुर उपासना शास्त्री ने कहा कि धुंधकारी अपने कुकर्मों के कारण प्रेत योनि में भटक रहा था। भाई गोकर्ण ने भागवत कथा का आयोजन कराया। सात दिन की कथा सुनने से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली और वह बैकुंठ धाम को गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक बेचेलाल यादव ने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। पंडाल जयकारों से गूंज उठा। आयोजक जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेश cxodj कनौजिया ने बताया कि 16 मई तक प्रतिदिन शाम को भागवत कथा का आयोजन होगा। सुबह यज्ञ में आहुतियां दी जा रही हैं। संरक्षक पूर्व विधायक रामसरन, जनमेजय सिंह यादव, हरीश कुमार वर्मा, संजीव सिंह, अजय वर्मा, कुलदीप वर्मा, मुख्य यजमान योगेश कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिकुनिया, अमृत विचार :** कस्बा निवासी हंसराज गर्ग ने दो सप्ताह पूर्व अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से जोरदार टक्कर मारकर घायल किए जाने की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन और उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हंसराज ने बताया कि 29 अप्रैल को देवी मंदिर रोड पर शाम करीब चार बजे किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वकील की तहरीर पर दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट

**निघासन, अमृत विचार :** गांव लुधौरी निवासी मानसिक रूप से कमजोर अमन की पिटाई मामले में पुलिस ने अब दूसरे पक्ष के वकील पंकज की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि इससे पहले अमन के पिता शिव कुमार ने आरोपी वकील समेत अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट करने, जान से मार देने की धमकी देने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाल अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि वकील की तहरीर पर अरुण, सोभित, अवलेश और रामगोपाल के खिलाफ एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ज्येष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर गूंजे बजरंगबली के जयकारे

## जगह-जगह सुंदरकांड, भंडारे, शीतल जल के प्याऊ और शरबत का किया वितरण, गोला में विधायक अमन गिरि ने कराया सुंदरकांड पाठ

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी/गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जय जय बजरंगबली और पवनसुत हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजते रहे। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, हवन-पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया।

सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में जुटने लगी। भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मंदिरों पर सुंदर पाठ का भी आयोजन किया गया। शहर में कई जगहों पर भंडारा आयोजित हुआ। कहीं हलुआ, बूंदी वितरित की गई तो कहीं पूड़ी, चावल और कढ़ी का प्रसाद और शरबत वितरित किया गया। भंडारों में भी भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने भंडारे में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं को हलवा, पूरी और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, अजय गिरि, भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद, सुरेंद्र शर्मा, अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडे, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, आशुतोष गिरि कन्हैया, राजस्व निरीक्षक अरुणेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, मनोज मिश्रा और धीरज बाजपेई समेत तमाम लोग मौजूद रहे। वहीं कोतवाली स्थित मंदिर में भी बड़े मंगल के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी शिवम मिश्रा ने विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया।

आरक्षी अनुज सागर के सौजन्य से कन्या भोज के बाद कोतवाली गेट के पास विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें राहगीरों, व्यापारियों, नगरवासियों और पुलिस कर्मियों को हलवा-पूरी और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। सीओ रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में आयोजित भंडारे में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसकर सेवा और समर्पण का संदेश दिया।

इस दौरान कोतवाल अंबर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा प्रसाद यादव, एसएसआई देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा नगर के लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर, कंजा बाबा देवस्थान और नीलकंठ मैदान स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समेत कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने राहगीरों को पूड़ी-सब्जी, शरबत और ठंडा पानी वितरित किया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इन भंडारों में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया।

- सुबह से ही मंदिरों में जुटने लगे भक्त, बजरंगबली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की



त्रिलोक गिरी मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ करते विधायक एवं श्रद्धालु। ● अमृत विचार



प्रसाद वितरित करते विधायक अमन गिरि।



कोतवाली गेट के पास श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते सीओ रमेश कुमार तिवारी।

### कहीं बंटा हलुआ-पूड़ी तो कहीं सब्जी-चावल व शरबत



**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर की संपूर्णानगर रोड पर व्यापारी राकेश गर्ग पप्पी ने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के प्रसाद वितरण से पूर्व उसे पुराना बाजार स्थित प्राचीन श्री हनुमान मठिया मंदिर पर ले जा पूजन- अर्चन कर पूड़ी, सब्जी, चावल, हलुआ और कोल्ड ड्रिंक आदि का भोग लगाने के उपरांत भंडारा प्रारंभ किया गया।जि समें हजारों भक्तों ने प्रसाद पाया। भंडारे में मुख्य रूप से जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री अमित महाजन, व्यापारी राकेश गर्ग पप्पी , सुनील गुप्ता, संदीप कोहली, वर्षा गर्ग, मोना मल्होत्रा, प्राची गर्ग, सीमा महाजन, शेरा वर्मा, गोविंद वर्मा दिनेश गर्ग आदि ने सेवा की। इसके अतिरिक्त एचडीएफसी बैंक के बाहर, सक्सेना हॉस्पिटल, झुकी डाल वाला पीपल पेड़, मेला सिंह चौराहा आदि पर कहीं सब्जी- चावल तो कहीं शीतल शरबत का वितरण किया गया । जहां भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### शाम तक चले भंडारे



**पसगवां अमृत विचार :** जंगबहादुरगंज में ज्येष्ठ माह के मंगल को विशाल भंडारा का आयोजन जिला पंचायत सदस्य अनूप कुमार सिंह की ओर से किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम तक चला। काफी संख्या में आगंतुकों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में दीपन सिंह, अविरल सिंह, सचिन सिंह, रजत सिंह का सहयोग रहा।

### श्रद्धा के साथ मनाया गया दूसरा बड़ा मंगल



**मितौली . अमृत विचार :** लखीमपुर–मैंगलगंज मार्ग पर बड़ा गांव तिराहे के निकट विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शुभारंभ पूर्व भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने बालाजी महाराज की विधि–विधान से आरती और पूजन कर किया। इस दौरान मितौली कस्बे सहित तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, विवेक गुप्ता, राहुल गुप्ता, अपूर्व गुप्ता और सूर्यांश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण इलाकों में बिजली संकट गहराया

**मझगई अमृत विचार:** रोस्टिंग और तकनीकी फाल्ट के नाम पर घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी कभी इनकमिंग की वीसीबी ट्रॉली खराब होने तो कभी अलग-अलग फाल्ट बताकर बिजली कटौती कर रहे हैं। इससे ग्रामीण इलाके को 18 घंटे की बजाय 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। निघासन और पलिया विद्युत पावर हाउस केंद्र के तहत वाले ग्रामीण इलाकों में कई दिनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। दिन हो या रात, बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार बिजली आने-जाने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली संकट ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अनिश्चित बिजली कटौती से घरेलू कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं छोटे व्यापार और किसानों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बिजली न रहने से पेयजल संकट गहराने लगा है। बेला, बबौरा, मझगई, बल्लीपुर, मुर्गहा, छेदुई पतिया, गंगाबेहड़, बौधिया कला, दौलतापुर, बम्हनपुर, धर्मापुर समेत सैकड़ों गांवों के लोग परेशान हैं। आरोप है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए हैं, लेकिन हकीकत में 5 घंटे ही बिजली मिल रही है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को चेतावनी दी है कि यदि रोस्टिंग के नाम पर कटौती जारी रही तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग के कर्मचारियों की होगी।

# किसानों को रोग नियंत्रण के दिए सुझाव

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार :** बजाज चीनी मिल के उपाध्यक्ष ओपी चौहान ने गांव चौखड़ा में चल रहे गन्ना सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक (गन्ना) राजीव तोमर भी मौजूद रहे।

निरीक्षण में पेड़ी, पौधा एवं प्रजातिवार गन्ना रकबे का मिलान किया गया, जो सही पाया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर सर्वे संबंधी जानकारी ली। किसानों से पूछा कि सर्वे कार्य से पहले चीनी मिल द्वारा भेजे जा रहे एसएमएस संदेश समय पर प्राप्त हो रहे हैं या नहीं। किसानों ने बताया कि मिल प्रशासन की ओर से सर्वे से पूर्व नियमित रूप से एसएमएस भेजे जा रहे हैं। चीनी मिल और सहकारी गन्ना विकास समिति के सर्वेकर्ता संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। उपाध्यक्ष ओपी चौहान ने गन्ना प्रजाति 15023, 14201 और 0118 के खेतों का भी निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक (गन्ना) राजीव तोमर ने किसानों को अधिक तापमान को देखते हुए समय-समय पर सिंचाई और गुड़ाई करने की सलाह दी।उन्होंने बताया कि चीनी मिल और गन्ना समिति द्वारा किसानों को फफूंदनाशक एवं कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसान अपने क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर इन दवाओं को प्राप्त कर सकते हैं।



गन्ने का सर्वेक्षण करते बजाज चीनी मिल उपाध्यक्ष ओपी चौहान। ● अमृत विचार

- चौखड़ा गांव में पेड़ी, पौधा और प्रजातिवार रकबा मिला सही

# कोटवारा-कोटखेरबा मार्ग का होगा निर्माण, मिलेगी राहत

**संवाददाता, बिलहरी**

**अमृत विचार :** गोला तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। ग्राम पंचायत कोटवारा से देवकली होते हुए कोटखेरबा ग्राम पंचायत को जोड़ने वाले करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

करीब दो दशकों से यह मार्ग बेहद खराब स्थिति में था। जगह-जगह गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण राहगीरों, किसानों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक खराब हो जाती थी, जिससे आवागमन लगभग बाधित हो जाता था। अब गोला विधायक अमन गिरि के प्रयासों से मंडी समिति की ओर से इस मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए नपाई और प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के किसानों को भी गन्ना और अन्य फसलों की ढुलाई में बड़ी राहत मिलेगी।

कोटवारा ग्राम प्रधान सुशील वर्मा, देवकली ग्राम प्रधान तथा कोटखेरबा ग्राम प्रधान राम सिंह वर्मा ने बताया कि सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया था। प्रधानों ने अधिकारियों को अवगत कराया था कि जर्जर सड़क के कारण गन्ना लदे वाहन अक्सर फंस जाते हैं और स्कूली बच्चों को भी रोजाना खतरे के बीच सफर करना पड़ता है।



जर्जर कोटवारा से कोटखेरबा तक सड़क।

- एक किलोमीटर लंबी पेंटेड सड़क को मिली मंजूरी
- तीन ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को होगा सीधा लाभ

> जनहित में लिया गया निर्णय
> ग्राम प्रधानों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जनहित में इस मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।
> –**प्रतीक्षा त्रिपाठी**, एसडीएम गोला।

### एक दर्जन गांवों के लोगों को मिलेगा फायदा

इस सड़क के निर्माण से कोटवारा, देवकली और कोटखेरबा समेत करीब एक दर्जन गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ–साथ क्षेत्रीय व्यापार और कृषि कार्यों को भी गति मिलेगी। किसानों को गन्ना चीनी मिल तक पहुंचाने में आसानी होगी, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी।

# छात्र संसद: सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

**संवाददाता, मैगलगंज**

**अमृत विचार :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को छात्र संसद, शिशु भारती, कन्या भारती एवं शिशु वाटिका के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री एवं गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर, विशिष्ट अतिथि राम रूप पांडेय एवं मंजू तिवारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

छात्र संसद प्रमुख आचार्य आशीष कुमार ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र संसद में अराध्या तिवारी प्रधानमंत्री, अभय प्रताप सिंह सेनापति एवं प्रियंका गुप्ता संसदीय कार्य मंत्री चुनी गईं।मुख्य अतिथि अनिल राठौर ने कहा कि विद्यालय में मिलने वाले संस्कार और अनुशासन ही बच्चों को भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार बाजपेई, अमरनाथ मिश्रा, शिवांचल, ज्योति सिंह, कुसुम लता सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक मौजूद रहे।



शपथ दिलाते प्रमुख आचार्य आशीष कुमार। ● अमृत विचार

## अपना दल एस के नवनियुक्त पदाधिकारी हुए सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ अमृत विचार:** नगर के निजी अस्पताल में भाजपा नेता, समाजसेवी डॉ. कौशल वर्मा के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा पार्टी समर्थित सामाजिक समरसता एवं संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया। उन्होंने अपना दल एस के नवनियुक्त पदाधिकारियों क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव पटेल, ठाकुर राम नरेश सिंह, महेश वर्मा, राहुल, सुरेश वर्मा, राजेश कटियार, अनूप वर्मा को शाल ओढ़ाकर, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला महासचिव पटेल कपिल वर्मा, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन, ज्ञानचंद वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, अनुज सिंह आदि रहे।

# बैडमिंटन में पलिया ने निघासन को हराकर दर्ज की जीत

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार :** चंदन चौकी स्थित आंबेडकर पार्क में आयोजित महाराणा प्रताप मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। पलिया की टीम ने निघासन को हराकर मैच जीत लिया।

दूसरे दिन के मुख्य मुकाबले में पलिया के फैजल और आसिफ की जोड़ी ने निघासन के सुरजीत सिंह चानी और शैलेश की जोड़ी को सीधे सेटों में 21-18 और 21-15 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन पलिया की जोड़ी ने बेहतर तालमेल और आक्रामक खेल के दम पर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके अलावा परियोजना क्लब के सूरज सिंह राणा और अभिषेक गुप्ता की जोड़ी ने अमन और आजम की टीम को कड़े मुकाबले में 21-16, 18-21 और 23-21 से हराया। वहीं पलिया के अरबाज और बॉबी की जोड़ी ने चंदन चौकी के रवि गुप्ता और अजीत गुज्जर की जोड़ी को 21-12, 13-21 और 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मुकाबले में रायफल्स क्लब के राजू राणा और अमन राणा की जोड़ी ने पी. गोपीचंद क्लब के प्रियांशु राणा और यश राणा को 21-19 और 21-17 से हराकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल शुरू होने से पहले थाना प्रभारी अजीत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मुकाबलों में रेफरी की जिम्मेदारी विश्वनाथ वर्मा और प्रियांशु राणा ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में यश राणा मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन और कमेंट्री रवि गुप्ता एवं दीपक गुप्ता ने की। इस दौरान क्लब के प्रशांत श्रीवास्तव, मोहन यादव, राहुल सिंह, मंत्री लाल राणा, इदरीश, आकाश सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते कोतवाली प्रभारी चंदन चौकी। ● अमृत विचार

- महाराणा प्रताप मेमोरियल जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

# चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ ने मरीजों की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ओयल में गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मियों ने भाग लिया तथा मरीजों की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान केक काटकर खुशी का इजहार किया गया।

मुख्य वक्ता बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरपी. वर्मा ने नर्सों की भूमिका को चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि यदि डॉक्टर चिकित्सा सेवा का मस्तिष्क हैं तो नर्सें उसका हृदय हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में दवाओं के साथ-साथ नर्सिंग स्टाफ की देखभाल, संवेदनशीलता और सेवा भाव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विशेषकर बच्चों के उपचार में नर्सों का धैर्य और ममतामयी व्यवहार मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक संबल प्रदान करता है।

विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड मैट्रन रजनी मसीह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है।

नर्सिंग ऑफिसर्स ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के आदर्शों पर चलने और अपने कार्य के प्रति पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं समर्पण बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में चीफ फार्मासिस्ट अनिल वर्मा, सीनियर लैब टेक्नीशियन महंत सिंह, स्टाफ नर्स अंजलि सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग ऑफिसर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं दीं और मरीजों की बेहतर सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



केक काटकर नर्स दिवस मनाती महिला स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

- अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर ओयल मेडिकल कॉलेज में हुई गोष्ठी



साथी महिलाओं का टीका करती एक नर्स। ● अमृत विचार

# ब्लॉक प्रमुख ने लिया गरीब बेटी की शिक्षा का जिम्मा

**संवाददाता, बेहजम**

**अमृत विचार :** बेहजम ब्लॉक प्रमुख बीना राज ने एक भूमिहीन परिवार की बेटी की शिक्षा का जिम्मा उठाकर मानवता और समाजसेवा की मिसाल पेश की है। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ चुकी छात्रा अंकिता को अब फिर से शिक्षा से जुड़ने का अवसर मिला है। क्षेत्र में इस पहल की सराहना हो रही है।

खंभारखेड़ा गांव निवासी अंकिता एक गरीब भूमिहीन परिवार से संबंध रखती है। परिवार में चार बच्चों की जिम्मेदारी होने के कारण आर्थिक हालात बेहद कमजोर थे। इसी वजह से अंकिता की पढ़ाई कक्षा आठ के बाद रुक गई थी। परिवार आगे की शिक्षा का खर्च उठाने में असमर्थ था, जिससे छात्रा का भविष्य अधर में लटक गया था। जब ब्लॉक प्रमुख बीना राज को इस मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत मदद के लिए कदम बढ़ाया।

उन्होंने अंकिता को पढ़ाई के लिए जरूरी किताबें उपलब्ध कराईं, विद्यालय आने-जाने के लिए साइकिल दी और इंटरमीडिएट तक निशुल्क शिक्षा दिलाने की जिम्मेदारी भी अपने ऊपर ले ली। इसके बाद छात्रा का प्रवेश राजरानी माता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में कराया गया। विद्यालय के संस्थापक राजेश गुप्ता ने बताया कि उनकी यह पहल अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भी गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में लगातार सहयोग किया जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि कई बेटियों की पढ़ाई से लेकर उनकी शादी तक में समय-समय पर सहायता की जाती रही है।





छात्रा को साइकिल आदि देती ब्लॉक प्रमुख बीना राज। ● अमृत विचार

- आर्थिक तंगी से छूटी पढ़ाई को फिर मिली नई उड़ान

## 10 दिन से खाद न मिलने से अन्नदाता परेशान

**केशवापुर, अमृत विचार:** गोला तहसील क्षेत्र के अजान कस्बे स्थित बी-पैक्स सहकारी समिति शहाबुद्दीनपुर में पिछले करीब 10 दिनों से यूरिया खाद का स्टॉक खत्म होने से किसान भारी परेशानी झेल रहे हैं। खरीफ सीजन के बीच समिति पर उर्वरक उपलब्ध न होने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को निजी दुकानों से अधिक कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है।

किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से लगातार समिति के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। समिति परिसर में खाद न मिलने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों का आरोप है कि खेती के महत्वपूर्ण समय पर खाद की कमी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। इस समय धान की रोपाई की तैयारियां चल रही हैं, वहीं गन्ने की फसल में पहली सिंचाई और बढ़वार का दौर है। किसानों का कहना है कि यदि समय से यूरिया नहीं मिला तो फसलों की वृद्धि प्रभावित होगी और उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। कई किसानों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर उर्वरक खरीदना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ गई है।

# जटपुरवा गांव पहुंचे डीएम ने कराई विवादित जमीन की नपाई

## चकरोड अतिक्रमण पर डीएम सख्त : अफसरों को दिए तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



अभिलेखों में गाटा संख्या का निरीक्षण करते डीएम अंजनी कुमार सिंह।

- चकरोड की जमीन पर कब्जा के चलते आवागमन हो रहा बाधित
- किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना

**अमृत विचार:** जिले में सार्वजनिक भूमि और चकरोडों पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रूख अपना लिया है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने मंगलवार को तहसील धौरहरा की ग्रामसभा जटपुरवा पहुंचकर चकरोड अतिक्रमण प्रकरण की जमीनी हकीकत परखी। राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे डीएम ने अभिलेखों और नक्शे का परीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल कब्जामुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने साफ कहा कि सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज की जाएगी।

गाटा संख्या 2025 में दर्ज सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़े तीन मामले राजस्व संहिता 2006 की धारा 67(5) के तहत जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में विचाराधीन हैं। सुनवाई के क्रम में डीएम ने मौके पर पहुंचकर अभिलेख और नक्शे का बारीकी से परीक्षण किया और राजस्व टीम से वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं।

ग्रामीणों ने बताया कि चकरोड पर कब्जे के चलते आवागमन बाधित हो रहा है और किसानों को खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर ही डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नायब तहसीलदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नक्शे में दर्ज चकरोड को तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए और उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को चेतावनी भरे अंदाज में निर्देशित किया कि अभियान चलाकर चकरोड, खलिहान और अन्य सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमणों को चिन्हित करें और तत्काल हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## चीनी मिल ने गांवों में कराई फॉगिंग



गांव में फॉगिंग करते कर्मचारी।

**खंभारखेड़ा, अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल ने ग्रामीणों को मच्छर से बचाव के लिए ग्राम धौरहरा में फागिंग कराई। धौरहरा के ग्रामीणों ने गर्मी के मौसम में बढ़े मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग की मांग की थी। जिस पर मिल प्रबंधन ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए फॉगिंग कराने का निर्णय लिया था। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए गांव के हर घर मे व उसके आसपास मशीन से फॉगिंग कराई गई।

घरों में फॉगिंग के दौरान एहतियात के तौर पर परिवार के लोगों को वहां से हटा दिया गया था। विशेषकर छोटे बच्चों को जिससे धुंआ उनको नुकसान न पहुंच सके।

# रोस्टर से ज्यादा बिजली कटौती से लोग परेशान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- भीषण गर्मी में दिन-रात गुल हो रही बिजली
- फाल्ट और तकनीकी खराबी बता रहा विभाग

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच गोला क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। तय रोस्टर के अतिरिक्त घंटों बिजली गुल रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन और रात में बार-बार बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति के कारण लोग उमस भरी गर्मी में परेशान हैं। घरों में पंखे और कूलर बंद होने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

पिछले कई दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली की बढ़ती कटौती लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सुबह, दोपहर, शाम और रात में लगातार बिजली बाधित रहने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि रोस्टर के अनुसार कटौती के अलावा भी कई घंटे बिजली गायब रहती है। सुबह करीब साढ़े छह बजे बिजली चली जाती है और फिर लंबे समय तक नहीं आती। दोपहर में जब गर्मी अपने चरम पर होती है, उस समय भी बिजली बाधित रहती है। शाम करीब पांच बजे फिर कटौती शुरू हो जाती है और यही स्थिति रात तक बनी रहती है। सबसे अधिक परेशानी उस समय होती है जब घरों के जरूरी कामकाज निपटाने होते हैं। विद्यार्थियों ने भी बिजली संकट को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सुबह स्कूल के लिए तैयार होते समय बिजली नहीं रहती और स्कूल से लौटने पर भी बिजली कटौती जारी रहती है। इससे पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

विद्यार्थियों ने बताया कि बिजली जाने के बाद उनके पास कोई वैकल्पिक साधन नहीं है और पंखा, लाइट सहित सभी सुविधाएं ठप हो जाती हैं। एसडीओ अजय यादव ने बताया कि कई बार लोकल फाल्ट, ट्रांसफार्मर या केबल में तकनीकी खराबी आने के कारण कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित करनी पड़ती है।

## 48 घंटे का चैतन्य महाप्रभु का महानाम संकीर्तन संपन्न



महानाम संकीर्तन की प्रस्तुति देते टोली के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचार:** गांव मोहनपुर ग्रंट बंगाली कालोनी में श्रीश्री महाप्रभु का 48 घंटे का अखंड महानाम संकीर्तन मंगलवार की सुबह भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे महानाम संकीर्तन के लिए पांच टोलियां आई थीं, जिन्होंने बारी-बारी से संकीर्तन की प्रस्तुतियां दीं। संकीर्तन सुनने के लिए क्षेत्र से और बाहर से काफी संख्या में श्रद्धालु आए थे। महानाम संकीर्तन रविवार को सुबह छह बजे शुरू हुआ और मंगलवार की सुबह तक चला। आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरंग सिंह, नितिन राय, भीम मंडल, डॉ. नितिन राय, डॉ. हीरा लाल राय, शंकर राय, श्याम प्रसाद, मनीष मुखर्जी, कार्तिक जद्दार, सोनू मंडल, शंकर राय, रजनी छाली, पवन राय, तारक मंडल, प्रकाश राय, परिक्षित माझी, अमरीश सरकार, शंभू बहादुर, महादेव मंडल आदि मौजूद रहे।

## 20 बाइकों का चालान चार वाहन सीज, 3 लाइसेंस सस्पेंड

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। एआरटीओ शांति भूषण पांडे के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 20 बाइकों का चालान किया गया, जबकि चार वाहनों को सीज किया गया है।

एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका के आदेशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की जा रही है। कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न का उपयोग कर ध्वनि प्रदूषण फैलाना दंडनीय अपराध है। प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों के खिलाफ 10 चालान किए गए हैं। चार वाहनों को बंद कराया गया है। 35 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया। वहीं मोडिफाइड साइलेंसर में पांच चालान किए गए और एक बुलेट को निरुद्ध किया गया। यात्री मालकर अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ने प्रेशर हॉर्न में एक चालान और एक वाहन को सीज किया है। 15 चालान और तीन वाहनों को बंद कराया। संबंधित को नोटिस जारी हुए। तीन लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं।

# सीमा पर पकड़े जा रहे नकली नोट, मास्टरमाइंड पकड़ से दूर

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

- खखरौला बॉर्डर पर पकड़ी फर्जी करेंसी, एलआईयू की सक्रियता पर उठ रहे सवाल
- सीमा पर लगातार घटनाओं से तराई में बड़े नेटवर्क की सक्रियता की आशंका

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा से सटे तराई क्षेत्र में नकली नोटों के मामले कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन नकली भारतीय करेंसी का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि छोटी-मोटी गिरफ्तारियों के बावजूद इस पूरे नेटवर्क के मास्टरमाइंड अब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर हैं। कोतवाली तिकुनिया के खखरौला बॉर्डर पर शनिवार को एसएसबी द्वारा 12 हजार रुपये की नकली भारतीय मुद्रा बरामद किए जाने के बाद एक बार फिर सीमा सुरक्षा और खुफिया तंत्र की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है।

शनिवार को तिकुनिया क्षेत्र के खखरौला घाट पर एसएसबी जवानों ने सिंगाही से कार बुक कराकर बनबीरपुर होते हुए सिंगाही से टीकापुर (नेपाल) जा रहे सिंगाही के वार्ड नंबर 12 निवासी अनुज कुमार, वार्ड नंबर 11 निवासी आसिफ खान, वार्ड संख्या 09 निवासी मोहम्मद रफीक उर्फ बड़कन्न और गांव इसी थाना क्षेत्र के गांव अयोध्यापुरवा निवासी कमलेश उर्फ दादा को हिरासत में लिया था। जवानों ने अनुज कुमार के पास से पांच-पांच सौ रुपये के 24 नकली नोट बरामद किये थे। पूछताछ में आरोपियों ने रकम एक-दूसरे से मिलने की बात कही, लेकिन पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब तक यह साफ नहीं कर पाईं कि आखिर इन नोटों की सप्लाई कहां से हुई और इसके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। तिकुनिया पुलिस ने एसएसबी के सहायक कमांडेंट डी समवाय तृतीय वाहिनी की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। खास बात यह है कि थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिन्हौना में पखवाड़े भर पहले नकली नोट चलाने का मामला सामने आया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पांच सौ रुपये के जाली नोट खपाए जा रहे हैं, लेकिन शिकायत और कार्रवाई के अभाव में मामलों को दबा दिया जाता है। सीमा से जुड़े गांवों में जालसाज अब छोटे दुकानदारों और ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं। पहचान और भरोसे का फायदा उठाकर आसानी से नकली नोट बाजार में उतारे जा रहे हैं। यही वजह है कि गांवों तक फर्जी करेंसी का नेटवर्क फैलता जा रहा है।

> नकली करेंसी के मामले में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। **-पुष्पराज कुशवाहा**, प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया

### पहले भी पकड़े जा चुके हैं नकली नोट

पिछले सितंबर महीने में मैलानी पुलिस ने नकली नोट चलाने के आरोप में गांव लक्ष्मीपुर निवासी हिमांशु गौतम को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। उसके पास से 500-500 रुपये के चार जाली नोट बरामद हुए थे। वर्ष 2019 में चंदनचौकी कोतवाली पुलिस ने नोट छापने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया था। वह मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान की आड़ में प्रिंटर से नकली नोट छापता था। अक्टूबर 2019 में इस मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार हुआ था। अप्रैल 2014 में एसटीएफ ने खीरी व बहराइच की सीमा पर नकली नोटों की खेप पकड़ी थी। एसटीएफ ने बताया था कि बिहार और लखीमपुर खीरी के रास्ते जाली करेंसी देश के विभिन्न हिस्सों में भेजी जा रही थी। इसी महीने में पिछले दिनों बहराइच पुलिस ने नकली नोट बनाने और खपाने के रैकेट का भंडाफोड़ किया था। पुलिस की जांच में इस बात की पुष्टि हुई थी कि 500 के नोट लखीमपुर खीरी में तैयार कर ग्रामीण इलाकों में खपाए जा रहे थे। इस मामले में बहराइच पुलिस ने थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव दलराजपुर निवासी मास्टरमाइंड गुरचरन सिंह उर्फ विजय और चुरईपुरवा निवासी सकीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 6 सितंबर 25 को नेपाल की कंचनपुर पुलिस ने 500 के 147 नकली बरामद कर बरेली के मीरगंज निवासी कुलदीप चतुर्वेदी ,फतेहगंज के अमित यादव, उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर निवासी हिमांशु शर्मा, शुक्ला फांटा, कंचनपुर, नेपाल निवासी गौगात बहादुर सिंह व चंद्र बोहरा को गिरफ्तार किया था। 26 सितंबर 25 को थाना मैलानी पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी हिमांशु गौतम युवक को पकड़ा था। उसके पास से 500-500 के चार नकली नोट बरामद हुए थे।

### समझौता कर दबा दिया था मामला

**सिंगाही, अमृत विचार :** खखरौला घाट पर पकड़ी गई जाली करेंसी से हफ्ते भर पहले सिंगाही थाना क्षेत्र के सिन्हौना गांव में नकली नोट चलाने का मामला सामने आया था। पखवाड़े भर पहले गांव की सबीना खातून ने आरोप लगाया था कि रामू शाक्य ने उन्हें पांच-पांच सौ रुपये के दो नकली नोट दिए थे। हालांकि उस मामले में पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। बाद में समझौते के नाम पर मामला दबा दिया गया था। लगातार सामने आ रही घटनाओं में सिंगाही क्षेत्र के युवकों के पकड़े जाने के बाद भी पुलिस और सीमा सुरक्षा एजेंसिया गंभीर नहीं हुईं। एक महीने के भीतर नकली करेंसी बरामद होने की दूसरी घटना ने सीमा सुरक्षा से लेकर जिले की एलआईयू तक की सक्रियता पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है।

# यूरिया के लिए 3 दिन से भटक रहा किसान

संवाददाता, बिजुआ (खीरी)



जमीन पर बैठकर रोटी खाता किसान।

- सदस्य और सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद नहीं मिल रही खाद

**अमृत विचार:** खरीफ सीजन में सबसे जरूरी मानी जाने वाली यूरिया खाद के लिए किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पड़रिया तुला स्थित साधन सहकारी समिति पर हालात इतने खराब हैं कि किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। मंगलवार को समिति परिसर में जमीन पर बैठकर रोटी खाते किसान रामसागर पुत्र गोकरन निवासी रड़ा देवरिया की तस्वीर वायरल हो गई। यह तस्वीर व्यवस्था की हकीकत बयां कर रही है। रामसागर समिति का सक्रिय सदस्य है और उसका नाम समिति के बाहर चस्पा सूची में भी दर्ज है, लेकिन इसके बावजूद उसे तीन दिन से यूरिया की एक बोरी तक नहीं मिल सकी।

पीड़ित किसान ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से लगातार समिति आ रहे हैं। सुबह छह बजे से लाइन में लग जाते हैं, लेकिन हर बार कल आना कहकर लौटा दिया जाता है। अब मजबूरी में घर से खाना बांधकर लाना पड़ रहा है, क्योंकि पता नहीं कब नंबर आए। किसानों का आरोप है कि पड़रिया तुला समिति के सचिव राम कुमार त्रिपाठी मनमानी कर रहे हैं। आरोप है कि वह अपने करीबी और परिचित लोगों को चोरी-छिपे यूरिया उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि सूची में नाम दर्ज जरूरतमंद किसानों को लगातार टरकाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब सूची में नाम मौजूद है तो खाद देने में भेदभाव क्यों किया जा रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में समिति सचिव राम कुमार त्रिपाठी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

## युवक की जेब काटकर 40 हजार निकाले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव विश्रामनगर निवासी इच्छाराम ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार को दिन में 11 बजे बैंक से खाते से 20 हजार रुपये निकाले। उनके पास पहले से 20 हजार रुपये थे। वह बैंक से 20 कदम की दूरी पर गए।

बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और रास्ता पूछने के बहाने बाइक पर बीच में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद बाला जी मंदिर के पास बाइक सवारों ने उन्हें उतार दिया और बाइक लेकर कांट की तरफ भाग गए। उन्होंने देखा कि उनकी जेब कटी हुई है और 40 हजार रुपये गायब है। पीड़ित इच्छाराम ने चौकी पर सूचना दी।

# पलिया और गोविंदपुर टीम सेमीफाइनल में पहुंची

संवाददाता, मझगईं

- क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में किया शानदार प्रदर्शन
- डॉ. मोहम्मद हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार:** लोधपुरवा में आयोजित डॉ. मोहम्मद हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए दो क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पलिया और गोविंदपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पलिया ने मझगईं को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मझगईं की टीम की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर हैप्पी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर 46 रन बनाए, जिसमें दो चौके और पांच शानदार छक्के शामिल रहे। गगन ने 7 और अल्ताफ ने 12 रन का योगदान दिया। हालांकि शुरुआती बल्लेबाजों के आउट होने के बाद मझगईं की पूरी टीम लड़खड़ा गई और 11.3 ओवर में केवल 102 रन पर ऑलआउट हो गई। पलिया के गेंदबाज बिस्सू ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में मात्र 16 रन देकर पांच विकेट झटके। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

103 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पलिया की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। दर्शकों का कहना था कि मझगईं की टीम में कई अनुभवी और नामी खिलाड़ी होने के बावजूद टीम ज्यादा देर टिक नहीं सकी, जिससे मैच का रोमांच जल्दी खत्म हो गया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गोविंदपुर की टीम ने पृथ्वी पुरवा को एकतरफा मुकाबले में 9 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पृथ्वी पुरवा की टीम केवल 76 रन पर सिमट गई। शिवा बिना खाता खोले गोविंदपुर के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। गेजा सिंह ने तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं संजय दिवाकर, धर्म और फुरकान को एक-एक सफलता मिली।

अर्जुन अंबाला ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 13 रन देकर चार विकेट झटके। 77 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोविंदपुर की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। अर्जुन अंबाला ने लगातार तीन छक्के लगाते हुए 18 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। गोविंदपुर ने केवल एक विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अर्जुन अंबाला को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**पहल** व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर पहुंच रहा विवाह, मुंडन का न्योता, दुकानदार बदल रहे काम का तरीका

# नई तकनीक के साथ बदल रहा निमंत्रण देने का अंदाज

संवाददाता, मूड़ा सवारान



प्रिंटिंग मशीन पर काम करता कारीगर।

**अमृत विचार:** मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने अब पारंपरिक निमंत्रण देने के तरीके को भी बदल दिया है। गांव से लेकर शहर तक लोग शादी, विवाह, मुंडन, जन्मदिन और अन्य आयोजनों के लिए अब छपे कार्डों की जगह डिजिटल ई-बुलावा भेजना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इससे धन और समय दोनों की बचत होने लगी है।


कुछ साल पहले तक सहालग के सीजन में कार्ड छपाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रहती थी। लोग खुद कार्ड लेकर रिश्तेदारों और परिचितों के घर घर निमंत्रण देने जाते थे। इसमें समय और खर्च दोनों अधिक लगते थे। कई बार दूर दराज के रिश्तेदारों तक कार्ड पहुंचाने में कई दिन लग जाते थे। अब मोबाइल पर एक क्लिक में सैकड़ों लोगों तक निमंत्रण पहुंच रहा है, जिससे लोगों का समय और पैसा दोनों बच रहे हैं।

अब लोग मोबाइल पर तैयार डिजिटल कार्ड, वीडियो इनविटेशन और म्यूजिक के साथ आकर्षक ई कार्ड बनवाकर सीधे व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के जरिए निमंत्रण भेज रहे हैं। खास बात यह है कि डिजिटल कार्ड में फोटो, वीडियो, लोकेशन और अलग अलग डिजाइन जोड़ने की सुविधा भी मिल रही है, जिससे युवाओं में इसका चलन तेजी से बढ़ रहा है।

प्रिंटिंग कारोबार से जुड़े दुकानदारों का कहना है कि पहले एक शादी में सैकड़ों कार्ड छपते थे, लेकिन अब कई परिवार केवल खास रिश्तेदारों के लिए ही प्रिंटेड कार्ड बनवा रहे हैं। इससे कार्ड छपाई का काम लगातार घट रहा है। कंप्यूटर डिजाइनिंग का काम करने वाले युवाओं के मुताबिक कम खर्च और तुरंत निमंत्रण पहुंच जाने के कारण ई बुलावा तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बदलते समय के साथ कई प्रिंटिंग दुकानदार भी अब डिजिटल कार्ड डिजाइनिंग और वीडियो इनविटेशन बनाने का काम शुरू कर चुके हैं, ताकि कारोबार को नए दौर के हिसाब से आगे बढ़ाया जा सके।



कंप्यूटर पर कार्ड डिजाइन का काम बढ़ा है। लोग अलग अलग अंदाज में कार्ड डिजाइन करा रहे हैं। कार्ड में कलर और उसकी थीम हार्ड कॉपी वाले कार्ड से अलग होती है। **-संजय कुमार**



अब ई कार्ड के माध्यम से निमंत्रण नहीं बल्कि अपनी भावनाएं भी दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्ड में थीम, कलर और मनमोहक संगीत का खास ध्यान रखा जाता है। **-उमेश कुमार।**



पुराने विचार के लोगों में आज भी कागजी कार्ड का महत्व है। वह कहते हैं कि विवाह का कार्ड लेकर बुलावा देने भी नहीं आए। परंतु नई पीढ़ी ने ई कार्ड को स्वीकार्यता दे दी है। **-अमर सिंह।**



आजकल युवा अलग अलग थीम वाले ई कार्ड पसंद कर रहे हैं। व्हाट्सएप पर तुरंत निमंत्रण पहुंच जाता है और खर्च भी कम आता है, इसलिए डिजिटल कार्ड की मांग लगातार बढ़ रही है। **-अवधेश कुमार।**

# 2706 श्रमिकों व परिजनों के स्वास्थ्य की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** विश्व श्रमिक दिवस पर जिले की चीनी मिलों और निजी औद्योगिक इकाइयों में आयोजित विशेष श्रमिक आरोग्य मेलों में 2706 श्रमिकों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। 1 मई से 11 मई तक चले अभियान में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने श्रमिकों को उनके कार्यस्थल पर ही सेवाएं दीं।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 11 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। यह शिविर 1 मई, 5 मई, 7 मई और 8 मई को आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रमिकों और उनके परिवारों ने भाग लिया। अभियान का शुभारंभ 1 मई को विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर कुंभी शुगर मिल में हुआ। इस दौरान गोला विधायक अमन गिरी और डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य शिविरों में कुल 2706 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें 2166 पुरुष, 406 महिलाएं और 134 बच्चे शामिल रहे। शिविरों में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की विशेष स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान 331 श्रमिकों में उच्च रक्तचाप और 304 में मधुमेह के लक्षण पाए गए। सभी मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। 563 लोगों की नेत्र जांच, 314 मरीजों का त्वचा रोगों के लिए उपचार किया गया। वहीं 282 संदिग्ध टीबी मरीजों की पहचान कर उनके जरूरी परीक्षण भी कराए गए।

### चार चरणों में चला अभियान

अभियान के प्रथम चरण में 1 मई को बलरामपुर चीनी मिल यूनिट कुम्भी, बजाज चीनी मिल खंभारखेड़ा और विम्बा इंडस्ट्रीज खीरी में शिविर लगाए गए। दूसरे चरण में 5 मई को बजाज चीनी मिल पलिया और मूसाराम इंटरप्राइजेज में स्वास्थ्य जांच हुई। तीसरे चरण में 7 मई को डीएससीएल अजवापुर, बजाज चीनी मिल गोला और सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां में शिविर लगाए गए। अंतिम चरण में 8 मई को उडमैक इंडस्ट्रीज मूसेपुर, किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर और बलरामपुर चीनी मिल गुलरिया में मेले आयोजित किए गए।

### लैब जांच और डिजिटल एक्स-रे की भी सुविधा

शिविर स्थल पर ही लैब जांच और डिजिटल एक्स-रे की व्यवस्था की गई थी। अभियान के दौरान 927 लोगों की ब्लड शुगर जांच की गई और 940 लोगों के डिजिटल एक्स-रे किए गए। जांच रिपोर्ट में 108 शुगर केस और 25 एक्स-रे मामलों में विसंगतियां मिलने पर मरीजों को आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के तहत सात गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जबकि 53 बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराया गया। इसके अलावा 223 आयुष्मान कार्डों का भौतिक सत्यापन एवं प्रमाणीकरण भी किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा बलों ने स्वगणना पोर्टल पर दर्ज की सूचनाएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जनगणना-2027 की तैयारियों के क्रम में मंगलवार को विशेष रूप से वर्दीधारी बल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जनपद के पुलिस बल, पीएसी एवं एसएसबी के अधिकारियों और जवानों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए स्व-गणना कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी सूचनाएं पोर्टल पर दर्ज कराईं। एसडीएम अमरिया मयंक गोस्वामी ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का आधार है। वर्दीधारी बलों ने अनुशासित रहते हुए जिस तरह आज इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह परिवार समेत सात मई को रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। उसकी नाबालिक पुत्री भी साथ थी। बरात के दौरान पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरिपुर निवासी हरिराम का पुत्र प्रदीप कुमार किशोरी को फुसलाकर ले गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### रंजिशन प्रधान पति पर तमंचे से झोंका फायर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम नगरिया फतेहपुर निवासी प्रधान पति सुरेंद्र पाल अपने साथी राजेश कुमार पुत्र छेदालाल के साथ बाइक से बीसलपुर आए थे। शाम करीब पांच बजे सराय वाली गली में पहुंचते ही आरोप है कि रंजिशन जितेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार निवासी ग्राम रंपुरा ने दो अज्ञात साथियों की मदद से रोका और हमला कर मारपीट की। जितेंद्र ने तमंचे से फायर किया, जोकि मिस हो गया।

### नशीला पदार्थ सुंघाकर उड़ाए नकदी जेवर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला बख्तावर लाल में सोमवार रात एक मकान पर सीढ़ी लगाकर घुसे चोर परिवार को नशीला सुंघाकर बेहोश करने के बाद नगदी जेवर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी सुधीर वर्मा ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात वह परिवार संग खाना खाकर सोने चले गए। देर रात चोर सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़ गए और जीने के रास्ते घर में उतर आए। सुधीर वर्मा की पत्नी दो बजे पानी पीने उठी तभी उन चोरों ने उसे नशीले पदार्थ का प्रयोग कर बेहोश कर दिया। फिर सदस्यों को भी बेहोश कर दिया और दो हजार रुपए व जेवर समेट ले गए।

# फॉरेंसिक लैब में हस्ताक्षर सत्यापन के लिए भेजी प्रति में कर दी ओवरराइटिंग

## उच्च न्यायालय ने गंभीर मानते हुए रजिस्ट्रार जनरल को दिए एफआईआर कराने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला पंचायत में पिछले वर्ष हुए टेंडर का विवाद गरमाया रहा
- अब ओवरराइटिंग का मामला उखड़ने से चर्चाएं शुरू हुईं

**अमृत विचार:** जिला पंचायत में पिछले साल हुए टेंडर को लेकर विवाद गरमाया रहा था। डीएम के निर्देश पर कराई गई जांच के बाद टेंडर निरस्त कर दोबारा निविदाएं आमंत्रित की गई थी। वहीं, एक ठेकेदार की ओर से उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की गई थी। जिसमें अब एक नया मामला सामने आया है। सात मई को उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान पेश की गई हस्ताक्षर सत्यापन की फॉरेंसिक रिपोर्ट में ओवरराइटिंग किए जाने की बात सामने आई। जिसे लेकर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है।

जिला पंचायत में बीते दिनों विवादित रही टेंडर प्रक्रिया के मामले में दोबारा टेंडर किए गए थे। वहीं, पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम मथना जप्ती निवासी ठेकेदार पवन दीप सिंह की ओर से सदर कोतवाली में एसपी के आदेश एफआईआर भी दर्ज की गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि अधिकारियों के स्तर से कोई सुनवाई नहीं हुई तो ठेकेदार ने उच्च न्यायालय में रिट डाली थी। उनका कहना था कि प्रार्थना पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे और निविदा क्रम संख्या 01, 02, 34 और 154 की टेंडर प्रक्रियाओं से बाहर होने का 100 रुपये का स्टांप दिया गया था, वह भी फर्जी बताया था।

22 दिसंबर 2025 को उन्होंने 100 रुपये का कोई स्टांप खरीदा ही नहीं था। साजिश के तहत चार टेंडर निरस्त किए गए हैं। इसके खिलाफ अंशुमन कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर आदि ने भी उच्च न्यायालय इलाहाबाद का रुख किया। जिसकी सुनवाई चली और हस्ताक्षरों के सत्यापन की मांग की गई थी। इस दौरान हस्ताक्षरों का सत्यापन फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी बरेली से कराया गया था। दस अप्रैल को हाईकोर्ट में सीलबंद लिफाफा पेश किया गया। जिसमें फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट भी थी। इसे जब खोला गया तो रिपोर्ट के अनुसार चिन्हित किए गए हस्ताक्षर में ओवर राइटिंग निकली।

बताया मूल रिकार्ड जांच के लिए सौंपे गए थे, उस वक्त ओवरराइटिंग नहीं थी। संबंधित दस्तावेजों की फोटोकॉपी रजिस्ट्रार जनरन की सुरक्षित हिरासत में सीलबंद लिफाफे में रखी थी। चेक करने पर सत्यापन को भेजी गई प्रति में ओवरराइटिंग निकली जबकि सुरक्षित रखी गई फोटो कॉपी में ओवराइटिंग नहीं थी। ऐसे में माना गया कि नमूना हस्ताक्षर पर ओवरराइटिंग की गई थी। प्रथम दृष्टया ये मानते हुए कि ओवरराइटिंग उस अवधि में की गई, जब इसे फॉरेंसिक साइंस लैब बरेली में पेश्या करने के लिए पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया था। जब ये दस्तावेज न्यायालय की हिरासत से बाहर था। पुलिस के पास था या लैब में, उस वक्त किसी ने ओवरराइटिंग की। ऐसे में उच्च न्यायालय ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिए है कि कि संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई जाए। साथ ही संबंधित जांच अधिकारी को निर्देश दिए कि वह चार सप्ताह के भीतर न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ये भी आदेश दिया कि इस मामले को 13 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाए।

संबंधित रिपोर्ट की फोटोकॉपी भी न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की हिरासत में सीलबंद लिफाफे में रखी जाएगी और मांगने पर जांच एजेंसी को सौंपी जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष, अपर मुख्य अधिकारी के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह बघेल ने न्यायालय से आग्रह किया कि इस जांच में काफी समय लग सकता है। जबकि विचाराधीन टेंडर केवल तीन महीरने की अवधि वाला एक अल्पकालिक टेंडर है, इसलिए इसलिए पिछले टेंडर को रद्द करके नया टेंडर जारी करने की अनुमति दी जाए, सिवाए टेंडर संख्या 34 के, जोकि जीवी कंस्ट्रक्शन को दिया गया था, चूंकि वह निर्विवाद रूप से सबसे कम बोली लगाने वाला है।

इस पर न्यायालय ने आदेश किए कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष टेंडर संख्या 34 पर आगे बढ़ने के लिए जीवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर को आवश्यक कार्य आदेश जारी कर सकते हैं। वहीं, विवादित शेष टेंडर यानि 01, 02 और 154 को रद्द करने और नए टेंडर आमंत्रित करने की स्वतंत्रता दी जाती है। ये आदेश सुनवाई के बाद सात मई को न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान व न्यायमूर्ति नीरज तिवारी द्वारा दिया गया।

## क्रिकेट में सतपुड़ा, खो-खो में विंध्य हाउस रहा विजेता



खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बेनहर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विंग बालक वर्ग क्रिकेट व बालिका वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी, मैनेजमेंट ट्रस्टी गुरदित्त सिंह सैहमी, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा, प्राइमरी विंग हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य ने रेफरी का दायित्व संभाला।

प्राइमरी विंग हाउस इंचार्जेज प्राइमरी विंग अनु गौड़, सारा शर्मा, अनुराधा गंगवार, सौम्या गुप्ता, शफ़ीक़ अहमद, नदीम ताहिर समेत अन्य शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खो-खो के पहले मैच में हिमालया हाउस ने अरावली हाउस को 5-2 से हराया। दूसरे मैच में विंध्या हाउस ने सतपुरा को 5-1 से हराया। तीसरे में अरावली हाउस ने सतपुड़ा हाउस को 03 अंको से हराया। फाइनल मैच हिमालया और विंध्या हाउस के बीच खेला गया। जिसमे विंध्य हाउस ने 06-01 से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में विंध्या हाउस प्रथम, हिमालया हाउस द्वितीय,

अरावली हाउस तृतीय रहा। कक्षा चार एवं पांच की क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच विंध्या हाउस को हराकर अरावली हाउस ने छह विकेट से जीता। दूसरे में सतपुरा हाउस ने हिमालया को 20 रनो से हराया।

## किसानों को बेहतर खेती के उपाय बताए



कार्यक्रम में जानकारी देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

**माधोटांडा, अमृत विचार:** ग्राम सिरसा रमपुरिया में गन्ना किसानों के लिए इफको पीलीभीत के द्वारा जैव उर्वरक अभियान का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक उत्तर प्रदेश गन्ना अनुसंधान परिषद डॉ. कपिल सिंह , सहायक महाप्रबंधक गन्ना राजीव शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। किसानों को इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रभावी छिड़काव की सलाह दी गई।

क्षेत्र अधिकारी इफ्को दीपक चौधरी ने मृदा उर्वरता में जैव उर्वरकों की भूमिका, प्रयोग विधि एवं लाभों पर चर्चा की। इफको नैनो जिंक, नैनो कॉपर एवं बायो डीकंपोजर के प्रयोग एवं उनके लाभों के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। अंत में किसानों को निःशुल्क जैव उर्वरक (तरल कंसोर्टिया) एवं बायो डीकंपोजर का वितरण किया गया। करीब 55 किसानों की उपस्थिति रही।

## जलभराव से निपटने को नगर पालिका सक्रिय

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** मानसून से पहले नगर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने डीएम अंजनी कुमार सिंह द्वारा भेजी गई तकनीकी टीम के साथ मंगलवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर नालों, पुलियों और जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को नाले-नालियों की सफाई और जल निकासी को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पालिकाध्यक्ष की पहल पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राम बहादुर, जल निगम के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार और अवर अभियंता निशांत आर्य की टीम नगर पहुंची। टीम ने नगर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों



मेला मैदान में सिंचाई विभाग, जल निगम व पालिका टीम के साथ निरीक्षण करते अध्यक्ष।

- तकनीकी टीम ने जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण कर दिए निर्देश

का निरीक्षण कर समस्या के स्थायी समाधान को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान टीम ने पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर क्षेत्र का विशेष रूप से निरीक्षण किया। यहां कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के जेई एपी सिंह, विवेक बाजपेई और रोहित कुमार ने निर्माण कार्य और जल निकासी व्यवस्था की तकनीकी जानकारी अधिकारियों को दी। इसके अलावा टीम ने नीलकंठ मैदान के पास स्थित नाला, मेला मैदान नलकूप क्षेत्र, अंबेडकर चौराहा, डॉ. संजीव सेठी के पास सतौती नाला, कोयले वाली गली, केडिया फार्म के पास पुलिया, भूतनाथ क्षेत्र की फॉरेस्ट पुलिया और रेलवे अंडरपास क्षेत्र का भी निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने इन स्थानों पर जल निकासी की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार कार्यों पर चर्चा की। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगरवासियों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों, छोटी नालियों और जल निकासी मार्गों की सफाई प्राथमिकता के आधार पर पूरी कर ली जाएगी।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका की टीमें प्रतिदिन क्षेत्रवार निरीक्षण कर रही हैं, ताकि कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने नगरवासियों और व्यापारियों से अपील की कि नालों और नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, जेई सिविल अनिल कुमार यादव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, मोहित अवस्थी, रविंद्र कटियार सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला समेत दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर ग्रंथ निवासी शिवम की पत्नी कामिनी देवी को परिजन सीएचसी लेकर आए। वहां उसके जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई गई।

वहीं, ग्राम ढकवारा निवासी छोटे लाल के पुत्र महेश कश्यप ने घरेलू विवाद को लेकर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**व अदालत श्रीमान कमिश्नर महोदय, बरेली**
**अपील/निगरानी नम्बर C2008120000747**

शमीम खां आदि बनाम पप्पू आदि रेस्पान्डेन्ट 1. शमीम खां 2. मोमीन खां 3. अमीर खां पुत्रगण वफेदार खां 4. महसीम खां पुत्र हनीक खां 5. अहमद शेर निवासीगण घनश्याम दास खुर्द मुसलमान पर. पुवायां जिला शाहजहांपुर अपील/निगरानी वनाराजी फैसला व डिग्री मुकदमा माल मुकाम मुकदमा नं. सन् मुबर्खा माह सन बनाम 1. पप्पू पुत्र राम भजन 2. विजय पाल पुत्र बुद्धा लाल 3. दयाराम पुत्र श्रीपाल 4. रोहन लाल पुत्र बहादुर 5. राजेन्द्र कुमार पुत्र चेतराम 6. जयचन्द्र पुत्र जयलाल 7. कामता प्रसाद पुत्र नन्कू 8. रामेश्वर पुत्र गंगा राम 9. श्रीमती कलावती पत्नी सूरजपाल 10. राम कुमार पुत्र सूरजपाल 11. श्रीमती जाहिरा बेगम पत्नी इवरार खां 12. इस्तियाक पुत्र मुख्त्यार खां 13. सुरेश पुत्र मक्खन 14. वव्वन खां पुत्र हनीक खां 15. असद पुत्र आशिक अली 16. सगीर खां पुत्र आशिक अली 17. श्रीमी मुनीशा बेगम पत्नी शराफत अली समस्त निवासीगण हरना ज. नगला पर. व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर। 18. ब्रजेश पुत्र मोती 19. प्रहलाद पुत्र गोधन 20. विनोद पुत्र राम सरन 21. मेंहदी हसन पुत्र नवी बक्श समस्त निवासीगण घनश्याम दास खुर्द मुसलमान पर. पुवायां जिला शाहजहांपुर 22. असर पुत्र सफेदार 23. इसरार खां पुत्र अवरार खां 24. अच्छन खां पुत्र हवीव खां 25. आशिफ खां पुत्र मो. हनीक खां 26. मुन्नी बेगम पत्नी अनीस खां 27. रहीस खां पुत्र हनीक खां समस्त निवासीगण हरना ज.नगला पर. व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर 28. LMC घनश्याम दास खुर्द द्वारा चेयरमैन पर. पुवायां जिला शाहजहांपुर 29. सरकार उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा जिलाधिकारी शाहजहांपुर मुत्तला हो कि अपील निगरानी वनाराजी डिग्री व फैसला तारीख मुकदमा वाला में अपीलान्ट/निगरानीकर्ता ने पेश की है जिसमें तारीख 28.05.2026 वास्ते समाअत अपील/निगरानी मुकर्रर की है अगर आप तारीख पर हाजिर अदालत न होंगे तो आपकी गैरहाजिरी में समाअत अपील/निगरानी तय की जावेगी। आज तारीख 07.05.2026 मेरे हस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**अदालत कमिश्नर, बरेली**

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारा का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम ने विकास भवन पहुंचकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारा का उद्घाटन किया और बनाई गई वॉलपेंटिंग्स सराहना की। साथ ही उन्होंने आर-सेटी भवन में चल रहे टेडी बियर निर्माण प्रशिक्षण शिविर का भी जायजा लिया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से संवाद कर स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी ली।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह मंगलवार पूर्वान्ह विकास भवन पहुंचे। यहां उन्होंने महिला कल्याण विभाग



विकास भवन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गलियारा के उद्घाटन करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

- वॉलपेंटिंग की सराहना की टेडीबियर निर्माण प्रशिक्षण शिविर का लिया जायजा

की ओर से बनवाए गए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गलियारा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित वाल पेंटिंग्स का अवलोकन करने के साथ आकर्षक कलाकृतियों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आर-सेटी भवन में टेडी बियर निर्माण प्रशिक्षण शिविर का भी जायजा लिया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं एवं युवतियों से संवाद कर प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी ली। ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दूरभाष के माध्यम से उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रेनिंग के पश्चात स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### नीर अमृत आरओ का डीएम ने किया उद्घाटन

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने विकास भवन के निरीक्षण के दौरान ही स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए नीर अमृत आरओ वॉटर प्यूरीफायर का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह नीर अमृत आरओ वॉटर प्यूरीफायर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित ब्लाक बरखेड़ा, मरौरी एवं ललौरीखेड़ा के स्वयं सहायता समूह की प्रशिक्षण प्राप्त निशा, सोनी, बेबी, लक्ष्मी, शबनम बी, रजबुन निशान, कमला देवी द्वारा तैयार किया गया है। इसमें इन महिलाओं द्वारा प्यूरीफायर एसेंबल, इस्टालेशन, सर्विसिंग का कार्य किया गया है। इसे नीर अमृत का नाम दिया गया। अधकारियों के मुताबिक पहले ही दिन 11 आरओ के ऑर्डर भी मिल चुके हैं। जिसके चलते महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीपीआरओ रोहित भारती, उपायुक्त स्वत: रोजगार वंदना सिंह, परियोजना निदेशक, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




रक्तदान करते युवा। ● अमृत विचार

### 50 लोग रक्तदान कर महादानी बने

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जेसीआई पीलीभीत की ओर से जीवन रेखा चैरिटेबिल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 यूनिट रक्तदान किया गया। अध्यक्ष जपनीत सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिलता है। राहुल रामचंदानी, मोहित रामचंदानी, गुरदित्त सिंह सैहमी, कुशाग्र, शांतनु अग्रवाल, परेश जिंदल, करन भल्ला, अनमोल जुल्का, सत्यम अग्रवाल, सजल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी**

**जेम-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2026-27 में डी.जी. सेट रिपेयर एवं स्पेयर्स की आपूर्ति से सम्बन्धित निविदा जेम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2026/B/7526175 दिनांक 11.05.2026 के माध्यम से दिनांक 26.05.2026 को सायंकाल 5:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदा gem.gov.in पर देखी जा सकती है।

**प्रधान प्रबन्धक**


## मुरादाबाद ने पीलीभीत को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वाटर पोलो में पुरुष क्रॉस कंट्री में रामपुर प्रथम, महिला वर्ग में मुरादाबाद ने मारी बाजी
- बरेली जोन की अंतर जनपदीय पुलिस तैराकी व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** बरेली जोन की 64वीं अंतर जनपदीय पुलिस तैराकी एवं महिला-पुरुष क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता नवीं वाहिनी पीएसी के तरणताल में की जा रही है। प्रतियोगिता में बरेली जोन के बरेली, पीलीभीत, बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर, अमरोहा और बिजनौर जनपदों की टीमों के कुल 148 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

दूसरे दिन मंगलवार क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में रामपुर की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि मुरादाबाद दूसरे स्थान पर रहा। वहीं महिला वर्ग में मुरादाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और बरेली दूसरे स्थान पर रहा। वाटर पोलो मुकाबले में मुरादाबाद ने पीलीभीत को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तैराकी स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 400 मीटर



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

फ्री स्टाइल में बरेली के अवधेश कुमार प्रथम और बदायूं के सुमित बंसल द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बैक स्ट्रोक में अमरोहा के गुरुदीप सिंह ने पहला तथा बरेली के संदीप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बटरफ्लाई और 200 मीटर व्यक्तिगत मिडले दोनों स्पर्धाओं में अमरोहा के नंदन सिंह विजेता रहे। 50 मीटर बटरफ्लाई में भी नंदन सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मुरादाबाद के प्रशांत सिंह दूसरे स्थान पर रहे। 4×100 मीटर रिले में अमरोहा प्रथम और मुरादाबाद द्वितीय रहा, जबकि 4×200 मीटर रिले में अमरोहा ने पहला तथा बरेली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर रूपेश कौशिक, सतीश आर्य, रवि शर्मा, शुभम कुमार, सुधीर शर्मा और रविंद्र कसाना ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## नवजात की मौत मामले की जांच को एसएनसीयू वार्ड पहुंचीं प्राचार्या

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में हुई पांच नवजात की मौत के मामले में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने अस्पताल पहुंचकर जांच-पड़ताल की। उन्होंने एसएनसीयू का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डॉक्टरों ने मृत हुए बच्चों की बीएचटी और अन्य इलाज संबधित अभिलेख चेक किए। साथ ही वार्ड में मशीनें और दवाओं की उपलब्धता को चेक किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों से वार्ड की व्यवस्थाओं को लेकर बातचीत की गई।

इस दौरान अस्पताल परिसर में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कई जरूरी निर्देश भी दिए। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट को जल्द शुरू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को लाइसेंस प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य ने कहा कि ऑक्सीजन व्यवस्था अस्पताल की महत्वपूर्ण जरूरत है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल



निरीक्षण करती प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा।

- मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट शुरू कराने को लाइसेंस प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

परिसर में पुलिस चौकी स्थापित करने को लेकर भी स्थान चिन्हित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस चौकी जरूरी है। मरीजों की सुविधा को लेकर भी प्राचार्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मरीज आधार कार्ड लेकर नहीं आता है तो उसका ऑफलाइन पंजीकरण किया जाए, ताकि इलाज में किसी तरह की परेशानी न हो। साथ ही जिन स्थानों पर अभी वाटर कूलर नहीं लगे हैं, वहां जल्द वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत,लो0नि0वि0,बरेली**

पत्रांक : 4438/413सी0(ई0टेण्डर)-3/26-27 दिनांक 07.05.2026

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय वार)**

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से मदवार दरों पर ई-निविदा दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 19.05..2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 19.05.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | जनपद बरेली के विकास खण्ड दमखोदा में ग्राम खिरना में दमखोदा नदी पर लघु सेतु, पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 512.50 | 10.25 | 12 माह | 2725.00 | ए (सेतु कार्य) |
| 02 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बरेली के विकास खण्ड बिथरी चौनपुर के ग्राम अधकटा बुनियादी बेगम म्यूडी रानी मेवा कुंवर के मध्य छोटी बहगुल नदी पर लघु सेतु, एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 576.50 | 11.53 | 12 माह | 2725.00 | ए (सेतु कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड ,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UP-251048 दिनांक 11.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

